डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 1-15 नवंबर 2021 वर्ष 31 अंक 22 मूल्य 5.00

आमजन की समस्याओं का निराकरण ही सरकार की प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

भोपाल, समाधान ऑनलाइन, सीएम हेल्पलाइन और जन सुनवाई जैसे माध्यमों का उपयोग नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में किया जाए। यह साधन आम जनता की सहायता के लिए एक किस्म का पैकेज है। जब इन माध्यमों की शुरुआत की गई तो निराकरण का प्रतिशत कम होता था। कोरोना काल में भी इस तरह के आवेदनों के निराकरण में कमी आई थी। लेकिन अब स्थितियां सामान्य होते ही इस गति को बढ़ाना है। सभी कलेक्टर इसके लिए प्रयासरत रहें और आवश्यक समन्वय कर विभागों में आए नागरिकों के आवेदन-पत्रों का निराकरण प्राथमिकता और तत्परता से करें। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कलेक्टरों को दिये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनता की समस्याओं को हल करने में जिन जिलों ने इन माध्यमों का उपयोग करते हुए अच्छा कार्य किया है, वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि मैं आगामी माह जिलों के परफॉर्मेंस की समीक्षा करूंगा। एक माह में सभी जिले अपना परफॉर्मेंस बेहतर बनाने का प्रयास करें।

प्रकरणों में की गई कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा शिकायतकर्ता के आवेदन को बिना निराकरण के बंद करने (फोर्सली क्लोज) वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के शिकायतकर्ताओं के 11 लंबित प्रकरणों का निराकरण करवाया। इन जिलों में भोपाल, इंदौर, दतिया, निवाड़ी, डिंडोरी, दमोह आदि शामिल हैं। कुल 12 अधिकारी-कर्मचारी कार्यों में विलम्ब के दोषी पाए गए।

आवेदक को मिला भूखंड

श्री चौहान ने इंदौर के श्री सूरज के आवेदन पर गृह निर्माण मंडल की तरफ से भूखंड प्रदान करने के निर्देश दिए। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री ने दोषी सम्पत्ति अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इंदौर के आवेदक श्री सूरज को गृह निर्माण मंडल का भूखंड मिलने में विलंब होने पर कार्यपालन यंत्री श्री मनोज शेवाले और सहायक यंत्री श्री संजय कुमार जैन को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए। मुख्यमंत्री ने भिण्ड के आवेदक श्री मनोज ओझा को वाहन की ऑनरशिप ट्रांसफर करने के कार्य को पूरा करवाया। मुख्यमंत्री ने डिण्डोरी के श्री नरोत्तम सिंह को बैंक शाखा द्वारा सब्जी व्यवसाय के लिए साढ़े पांच लाख रुपये का ऋण स्वीकृत करवाते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए गए।

शिकायत एक समाधान अनेक

समाधान ऑनलाइन में जबलपुर के शिकायतकर्ता श्री संजय कुमार साकेत की मार्कशीट संबंधी मांग पर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ने निर्णय लेते हुए प्रत्येक वर्ष की मार्कशीट देने पर सहमति दी। इस प्रकरण से 556 विद्यार्थियों को मार्कशीट उपलब्ध करवाने का कार्य संभव हो गया। श्री चौहान ने कहा कि एक प्रकृति के आवेदनों में निराकरण की कार्यवाही को आधार बनाकर अन्य लंबित आवेदन-पत्रों का कार्य भी किया जाए। श्री संजय कुमार साकेत की शिकायत के फलस्वरूप अन्य विद्यार्थियों को भी अंकसूची प्राप्त हो गई है।

परिवहन विभाग का प्रदर्शन सबसे बेहतर

समाधान ऑनलाइन में बताया गया कि विभागवार समस्याओं का निराकरण करने में परिवहन विभाग सबसे आगे है। परिवहन विभाग ने 86 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके पश्चात सामाजिक न्याय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय विकास और वाणिज्यिक कर विभाग का परफॉर्मेंस अच्छा है। जिलों में छिंदवाड़ा, सिवनी, राजगढ़, इंदौर और जबलपुर का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री ने अच्छे कार्य के लिए विभागों और जिलों को बधाई देते हुए शेष विभागों और जिलों से बेहतर कार्य की अपेक्षा की।

तेंदूपत्ता संग्राहक

तैंतीस लाख लोगों को दी जा रही आर्थिक मजबूती

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि प्रदेश में तेन्दुपत्ता संग्रहण के जरिए राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा 33 लाख संग्राहकों, जिनमें अधिकतर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के हैं, को आर्थिक मजबूती प्रदान की जा रही है। इन वर्गों को तेंदूपत्ता संग्रहण का पारिश्रमिक और प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) प्रदान किया जा रहा है। इनमें 44 फीसदी महिलाएं हैं।

वन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीयकृत लघु वनोपज के व्यापार से होने वाली शुद्ध आय का 70 प्रतिशत भाग संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में बोनस, 15 फीसदी वन विभाग की देख-रेख में विकास और प्रशिक्षण आदि के लिए और 15 फीसदी ग्रामों की मूलभूत सुविधाओं और कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में खर्च किया जाता है।

397 करोड़ का हुआ भुगतान

डॉ. शाह ने बताया कि पिछले वर्ष 15.88 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण में संग्राहकों को 397 करोड़ रुपये मजदूरी का भुगतान किया गया। इस वर्ष 16.60 लाख मानक बोरा तेन्दुपत्ता का संग्रहण हो चुका है। संग्रहण वर्ष 2018 में संग्रहित और तेंदूपत्ता के व्यापार से अर्जित हुए शुद्ध लाभ में से 282.47 करोड़ रुपये की राशि प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में भुगतान की गई है।

प्रति मानक बोरा की बढ़ाई दर

वन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर संग्रहण मजदूरी 2 हजार रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई है। संग्राहकों को उनके द्वारा संग्रहित मात्रा अनुसार नगद भुगतान की व्यवस्था भी की गई है।

खास खबर

नीमच मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन आवंटित

भोपाल, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा प्रस्तावित नीमच मेडिकल कालेज के लिए मात्र एक रुपये के भू-भाटक पर जमीन आवंटित किए जाने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और मंत्रिमंडल के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। श्री सखलेचा ने बताया कि केबिनेट की बैठक में नीमच के मेडिकल कॉलेज के लिए कलावती के पास जमीन एक रुपये के भू-भाटक पर आवंटित करने का निर्णय ऐतिहासिक है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

रोज़गार के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना तैयार करें

भोपाल, रोज़गार का क्षेत्र लोगों को उत्साह से भर देता है। रोज़गार से संबंध रखने वाले विभाग 31 मार्च 2022 तक के लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना तैयार करें। इसी तरह आगामी वर्ष का भी रोडमैप अभी से ही तैयार कर लिया जाए, जिससे प्रदेश में अधिकाधिक युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर सृजित हो सकें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप अंतर्गत रोज़गार समूह की समीक्षा करते हुये कहीं।

रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, खनिज साधन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार, श्रम, वन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

अधिक से अधिक बेरोज़गारों को रोज़गार दिलाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न गतिविधियों का संचालन बेहतर तरीके से किया जाना सुनिश्चित करें। प्रदेश में ग्लोबल स्किल पार्क सहित अन्य कौशल विकास एवं तकनीकी संस्थानों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाए। स्टार्टअप एक्टिविटीज को बढ़ावा दिया जाए। रोज़गार मेलों के माध्यम से अधिक से अधिक बेरोज़गार युवाओं को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इंदौर और भोपाल में आई.टी. पार्क विकसित करने एवं रोज़गार से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों की समय-समय पर समीक्षा की जाए और दिक्कतों को दूर किया जाए। ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार का सृजन करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाए।

अधोसंरचनाएं समय पर करें पूर्ण

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 7 नए औद्योगिक पार्कों का विकास कार्य प्रारंभ किया गया है, जिन्हें समय पर पूरा कर प्रारंभ कराया जाए। विभिन्न प्रकार के क्लस्टर एवं इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए सभी प्रकार की बाधाएं दूर कर ली जाएं। रोज़गार के मामले में परिणाममूलक कार्य होना चाहिए। रोज़गार से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की देर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पोर्टल के माध्यम से ही करें छात्रवृत्ति का भुगतान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से ही किया जाए। किसी भी स्थिति में बिना पोर्टल के छात्रवृत्ति नहीं दी जाए। छात्रवृत्ति से संबंधित विसंगतियों को दूर कर एकरूपता लाई जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रवृत्ति प्रक्रिया और पोर्टल की एकरूपता के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। अनियमितता करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। छात्रवृत्ति का वितरण तर्कसंगत ढंग से सुनिश्चित करें। बच्चों की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

श्री चौहान ने कहा कि तकनीकी का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित करें। हमारे पास वह तकनीकी है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितताएं होने की संभावना नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं की जांच करा ली जाए एवं किसी भी प्रकार की गड़बड़ न हो। यदि छात्रवृत्ति का भुगतान अनियमित ढंग से कर दिया गया है तो उसकी वसूली की कार्यवाही की जाए।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

6 नवम्बर

एनटीए ने जारी की यूजीसी नेट परीक्षा की तारीखें

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट

NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment

परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षाएं इस वर्ष 20 नवंबर से शुरू होकर पांच दिसम्बर तक चलेंगी। एनटीए ने बताया कि इस बार यह परीक्षाएं दिसम्बर, 2020 और जून, 2021 सत्र के लिये संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र जल्द जारी किये जायेंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को यूजीसी नेट की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करने का विकल्प दिया जायेगा। इसके अलावा परीक्षार्थियों की सहायता के लिये एनटीए ने हेल्पलाइन नंबर 011-40759000 भी जारी किया है।

● अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर ने कोरोना संक्रमण के खिलाफ प्रभावी एंटी वायरल दवा (टैबलेट) बनाने का दावा किया है। यह दवा कोरोना संक्रमण से अस्पताल में भर्ती होने और मौत के खतरे को लगभग 90 प्रतिशत कम करती है। अब तक कोरोना संक्रमण के इलाज में जो भी दवा इस्तेमाल हो रही है, उसे इंजेक्शन के जरिये दिया जा रहा है। फाइजर ने कहा है कि वह अमेरिकी दवा नियामक एफडीए और अंतर्राष्ट्रीय दवा नियामकों से इस दवा को जल्द से जल्द मंजूरी देने का आग्रह करेगा।

● अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने चीन के बढ़ते परमाणु हथियारों को लेकर चेतावनी जारी की है। पेंटागन ने एक रिपोर्ट में कहा कि चीन के पास वर्ष 2027 तक 700 परमाणु हथियार हो सकते हैं, जो वर्ष 2030 तक बढ़कर एक हजार या इससे अधिक हो सकते हैं। पेंटागन ने कहा कि चीन परमाणु हथियारों के साथ अपनी ताकत को अमेरिका का सामना करने के लिये तेजी से बढ़ा रहा है।

7 नवम्बर

हज कमेटी ने हज यात्रा के लिये जारी की गाइडलाइन

● भारतीय हज कमेटी ने अगले साल मक्का और मदीना के लिये होने वाली हज यात्रा के लिये गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के अनुसार हज यात्रा-2022 के लिये कैंसर, हृदय, श्वास और अन्य संक्रामक बीमारियों के मरीजों के आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इसके अलावा 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी हज यात्रा पर नहीं जा सकेंगे। हज कमेटी ने कहा कि हज यात्रा सऊदी अरब सरकार की ओर से जारी कोविड गाइडलाइन के अनुसार होगी। यात्रा के लिये आवेदक को कोविड वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने जरूरी है। इसके अलावा आवेदक के पासपोर्ट की वैधता 31 दिसम्बर, 2022 तक होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर है, जब 65 साल से अधिक उम्र के लोग हज यात्रा पर नहीं जा सकेंगे।

● अफ्रीकी देश सिएरा लियोन में एक ट्रक और फ्यूल टैंकर की टक्कर से 98 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सिएरा लियोन की राजधानी फ्रीटाउन में हुई। ट्रक और फ्यूल टैंकर की टक्कर के बाद एक भीषण धमाका हुआ। यह धमाका इतना भीषण था कि सैकड़ों वाहन खाक हो गये। धमाके की चपेट में आने से 100 से ज्यादा लोग घायल हुये हैं।

8 नवम्बर

भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में 17 गुना की वृद्धि

● परंपरागत ईंधन को छोड़कर स्वच्छ ईंधन अपनाने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले सात वर्षों में भारत की सौर ऊर्जा क्षमता 17 गुना बढ़ गई है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में भारत ने एक रिपोर्ट जारी कर दी। रिपोर्ट के अनुसार भारत की सौर ऊर्जा क्षमता बढ़कर 45 हजार मेगावॉट हो गई है। भारत ने वर्ष 2005 से 2014 की अवधि में अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 24 प्रतिशत की कमी हासिल की है। साथ ही सौर कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है।

● इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल कदीमी राजधानी बगदाद में हुये एक ड्रोन हमले में

बाल-बाल बच गये। इराकी प्रधानमंत्री के कार्यालय ने सुरक्षा बंदोबस्त से लैस ग्रीन जोन में स्थित प्रधानमंत्री आवास पर हमले की पुष्टि की और इसे हत्या का असफल प्रयास बताया। उल्लेखनीय है कि ग्रीन जोन बगदाद का हाई सिक्योरिटी वाला इलाका है। इस इलाके में अमेरिकी दूतावास भी है। हमले के बाद ग्रीन जोन और उसके आस-पास के इलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इराक में पिछले महीने आये चुनावी नतीजों को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ता जा रहा है।

9 नवम्बर

अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिये हटाये यात्रा प्रतिबंध

● अमेरिका ने टीकाकरण करवा चुके सभी अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिये यात्रा प्रतिबंधों को हटा लिया है। नये नियमों के अनुसार यात्रियों को कोरोना टीकाकरण का प्रमाण-पत्र और उड़ान में सवार होने से पहले कोरोना टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। अमेरिका में यात्रा प्रतिबंधों के हटने का फायदा भारत सहित मैक्सिको, कनाडा, जर्मनी और चीन जैसे देशों के लोगों को होगा। अमेरिका ने कहा कि मैक्सिको और कनाडा से जमीनी सीमा पार कर आने वाले यात्रियों को अमेरिका आने के लिये सिर्फ टीकाकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। उल्लेखनीय है कि विश्व में कोरोना संक्रमण के फैलने के कारण अमेरिका ने 20 महीने पहले (मार्च 2020 में) अंतर्राष्ट्रीय यात्रा पर प्रतिबंध लगाया था। अमेरिका ने कहा कि हवाई यात्रा के जरिये अमेरिका पहुंचने वाले यात्रियों के लिये प्रतिबंध खत्म कर दिये हैं, लेकिन जमीनी सीमा से प्रतिबंध धीरे-धीरे खत्म किया जायेगा।

● चीन, अफगानिस्तान के नागरिकों के लिये वीजा नियमों को आसान बना सकता है। अफगानिस्तान में चीन के राजदूत वांग यू ने कहा कि अफगानिस्तान के व्यापारियों के लिये वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने के लिये ढील दी जा सकती है। वांग यू ने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के अनुरोध पर चीन ने अफगानिस्तान के व्यापारियों को वीजा जारी करने की प्रक्रिया के सरलीकरण करने का आश्वासन दिया है। दोनों देशों के राजनयिकों ने द्विपक्षीय व्यापार पर चर्चा की है।

10 नवम्बर

भारत के कोविड सर्टिफिकेट को मान्यता देने पर 96 देश सहमत

● विश्व के 96 देश भारत के कोविड सर्टिफिकेट को मान्यता देने पर सहमत हो

गये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री मनसुख एल. मांडविया ने कहा कि 96 देशों ने भारत के साथ कोरोना टीकाकरण प्रमाण-पत्र को परस्पर मान्यता देने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार दुनिया के बाकी देशों के साथ संपर्क में है, ताकि विश्व के सबसे बड़े कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम के लाभार्थियों को स्वीकृति और मान्यता मिल सके। श्री मांडविया ने कहा कि टीकाकरण सर्टिफिकेट को मान्यता मिलने से टीकाकरण करवा चुके लोग शिक्षा, व्यवसाय और पर्यटन आदि के लिये आसानी से एक देश से दूसरे देश की यात्रा कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन ने भी भारतीय वैक्सीन कोवैक्सीन को मान्यता प्रदान की है।

● भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम अगले तीन से पांच वर्ष के दौरान देशभर में लगभग 22 हजार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन लगायेंगी। इंडियन ऑयल के चेयरमैन श्रीकांत वैद्य ने बताया कि इंडियन ऑयल अगले तीन वर्षों में लगभग 10 हजार पेट्रोल पंपों पर ईवी चार्जिंग प्वाइंट सुविधा स्थापित करेगी। इससे वर्ष 2070 तक देश के नेट जीरो एमिशन का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

11 नवम्बर

भारत ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये ई-अमृत पोर्टल किया लॉन्च

● भारत ने ग्लास्गो में आयोजित कॉप-26 शिखर सम्मेलन में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये एक वेब पोर्टल 'ई-अमृत' लॉन्च किया है। ई-अमृत इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित समस्त सूचनाओं के लिये वन स्टॉप डेस्टिनेशन (पोर्टल) है। इस पोर्टल में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने, उसकी खरीददारी करने, निवेश के अवसरों, सब्सिडी इत्यादि जानकारी मिलेगी। इस पोर्टल को ब्रिटिश सरकार के साथ एक सहयोगात्मक ज्ञान आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा विकसित किया गया है। यह पोर्टल ब्रिटेन-भारत संयुक्त रोडमैप-2030 का हिस्सा है। नीति आयोग ने बताया कि ई-अमृत पोर्टल के जरिये इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा की गई पहल के तौर पर काम करेगा। नीति आयोग ने कहा कि देश में परिवहन को कार्बन युक्त करने की पहल की जा रही है।

● जापान में संसदीय चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की बड़ी जीत के

बाद फुमियो किशिदा एक बार फिर जापान के प्रधानमंत्री चुन लिये गये हैं। किशिदा के नेतृत्व वाली लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसदीय चुनाव में 465 में से 261 सीटें जीती हैं। इस जीत को जापान सरकार द्वारा कोरोना से निपटने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के जनादेश के तौर पर देखा जा रहा है। किशिदा एक महीने पहले योशिहिदे सुगा की जगह जापान के प्रधानमंत्री बने थे। किशिदा ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही तत्काल चुनाव कराने की घोषणा की थी।

12 नवम्बर

ईपीएफओ कर्मचारियों की मृत्यु पर आश्रितों को मिलेंगे आठ लाख रुपये

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारियों और उनके आश्रितों को बड़ी राहत दी है। ईपीएफओ ने कर्मचारियों की आकस्मिक मृत्यु पर उसके परिजनों को दी जाने वाली एक्सग्रेसिया डेथ रिलीफ फंड की राशि को दो गुना कर दिया है। यह राशि चार लाख बीस हजार रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये कर दी गई है। ईपीएफओ ने सभी कार्यालयों को सर्कुलर जारी कर इस बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। इस बढ़ोत्तरी का फायदा ईपीएफओ के 30 हजार कर्मचारियों को मिलेगा। सर्कुलर में कहा गया है कि इसमें कोरोना संक्रमण से होने वाली मौत को शामिल नहीं किया गया है।

● केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के चलते लगाये गये यात्रा प्रतिबंधों के तहत अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिये संशोधित दिशा निर्देश जारी किये हैं। नये दिशा-निर्देशों के अनुसार विदेशों से भारत आने वाले पांच वर्ष या इससे कम उम्र के बच्चों को यात्रा से पहले और बाद में कोरोना जांच की जरूरत नहीं होगी। हालांकि अगर किसी बच्चे में कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखते हैं तो उसकी जांच की जायेगी और कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज किया जायेगा। इसके अलावा अगर कोई यात्री कोरोना रोधी वैक्सीन की दोनों खुराक ले चुका है और ऐसे देश से आ रहा है, जिसकी भारत के साथ टीका प्रमाण-पत्र की पारस्परिक स्वीकार्यता की व्यवस्था है, तो उसे क्वारेंटाइन रहने की आवश्यकता नहीं होगी।

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और निजी रॉकेट कंपनी स्पेस एक्स के चार अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की कक्षा में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिये रवाना हो गये हैं। इन अंतरिक्ष यात्रियों में भारतीय मूल के राजा चारी भी शामिल हैं। राजा चारी अमेरिकी वायु सेना के पायलट हैं। राजा चारी के अलावा टॉम मार्शबर्न, कायला बैरन और मथायस मॉरर भी अंतरिक्ष रवाना हुये हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

बुधनी के लकड़ी के खिलौने

वर्ल्ड फेम बनाकर जीआई टैग दिलाने के प्रयास होंगे - मुख्यमंत्री

सीहोर, बुधनी के खिलौना उत्पादों को बुधनी के नाम से विश्वविख्यात बनाने के लिए जीआई टैग दिलाए जाने के प्रयास होंगे। विश्व बाजार से प्रतिस्पर्धा के लिए क्लस्टर बनाकर लकड़ी के अलावा अन्य खिलौने भी बनाये जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बुधनी में खिलौना महोत्सव को सम्बोधित करते हुये कहीं। 14 नवम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव में सांसद श्री रमाकांत भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उनकी जानकारी में है कि अनेक व्यवसायी ऑनलाइन मार्केटिंग कर अधिक कीमत कमाते हैं। कुछ ऑनलाइन कम्पनी तो 5 गुना तक ज्यादा कीमत में बुधनी के खिलौने बेचती है। श्री चौहान ने कहा कि उनका प्रयास है कि यह काम स्थानीय कारीगर ही करें। सरकार इसके लिए नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि खिलौने ही नहीं यहाँ के गेहूं और बासमती चावल सहित अन्य उत्पादों को जीआई टैग दिलवाने के हर सम्भव प्रयास होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश में शुरू की गई 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में सीहोर जिले में खिलौना उत्पाद को शामिल किया गया है। खिलौनों की कम लागत, फिनिशिंग के लिए क्लस्टर बनाकर प्रशिक्षण दिलाया जाएगा और अन्य खिलौने निर्माण के लिए आवश्यक मशीनरी भी लगाई जाएगी।

श्री चौहान ने स्थानीय शिल्पियों के व्यवसाय को और बेहतर बनाने के लिए बुधनी के ही गड़रिया नाला के समीप दुकानें बनाकर बाजार विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुधनी को अलग पहचान देने के लिए पारंपरिक रूप से सजावट की जाएगी और आकर्षक प्रवेश द्वार बनाये जाएंगे। श्री चौहान ने स्व-सहायता समूहों को आश्वस्त किया कि उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने युवाओं को उनकी रुचि का प्रशिक्षण देकर रोज़गार उपलब्ध करवाने की बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुद्रा योजना के अलावा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना और मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना का युवा लाभ लें। सरकार द्वारा इन योजनाओं में लिए गए ऋण पर ब्याज अनुदान दिया जाता है।

श्री चौहान ने कहा कि बुधनी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे आगे बढ़ें। इसके लिए बुधनी में सीएम राइज स्कूल खोला जाएगा। सीएम राइज स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही आधुनिक लैब, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, बस सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं निजी स्कूलों की तर्ज पर होंगी।

WINTER COURSE
Admissions Open
सफलता की गारंटी
10th 11th 12th
NEET
नर्सिंग (PNST)
बालाजी दयूटोरियल्स
221, वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ, इन्दौर
98930-53653
R-46181/2021

वर्ष 38, अंक 46 15.11.2021 से 21.11.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

जनजातीय विद्यार्थियों को सुलभ और उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर

मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की बड़ी आबादी निवास करती है। जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिये केंद्र और राज्य सरकार सदैव प्रतिवद्ध रही है। राज्य सरकार ने सर्वांगीण विकास की राह प्रशस्त करने के लिये इस वर्ग के शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि व्यक्ति और समाज के सामाजिक और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिये अच्छी शिक्षा बहुत आवश्यक है। उन्होंने हमेशा माना है कि हमारे जनजातीय समुदाय में प्रतिभा की कमी नहीं है। राज्य सरकार का प्रयास रहा है कि एक भी विद्यार्थी को शिक्षा प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। हर छात्र के लिये शिक्षा सुलभ है। प्रतिभाओं को आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिये अच्छा वातावरण मिले इसी भाव से राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक विकास के लिये अनेक योजनाओं और कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया है। राज्य सरकार की नीति और दृढ़ इच्छा शक्ति के सुपरिणाम भी सामने आने लगे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग में अनेक प्रतिभाओं ने आगे बढ़कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शिक्षा की सार्व भौमिकता ने संपूर्ण अनुसूचित जनजाति समाज को राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उन्नति के बेहतर अवसर उपलब्ध कराये हैं। अनुसूचित जनजाति समाज के लिये जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों और शहरों में आसानी से शिक्षा प्राप्त करने के अवसर बढ़े हैं, वहीं प्रतिभावान विद्यार्थी राज्य सरकार की योजना का लाभ लेकर विदेशों में भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में जनजाति कार्य विभाग का बजट वर्ष 2003-04 में लगभग 786 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 8 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। विगत 17 वर्षों में प्रदेश में जनजाति क्षेत्रों में प्राथमिक शालाओं की संख्या में 81 प्रतिशत, माध्यमिक शालाओं की संख्या में 55 प्रतिशत, हाईस्कूल की संख्या में 112 प्रतिशत, हायर सेकेंडरी स्कूल की संख्या में 81 प्रतिशत और कन्या शिक्षा परिसरों की संख्या में 26.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। छात्रावासों और आश्रमों में रहने वाले जनजातीय विद्यार्थियों की शिष्यवृत्तियों की दरें राज्य सरकारों ने बढ़ाई हैं। यह दरें बालकों के लिये 1230 रुपये से बढ़ाकर 1300 रुपये प्रतिमाह और बालिकाओं के लिये 1270 रुपये से बढ़ाकर 1340 रुपये प्रतिमाह की गई हैं। प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययन करने वाली जनजातीय वर्ग की बालिकाओं की छात्रवृत्ति 15 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रति माह से बढ़ाकर 25 रुपये की गयी है। कक्षा 6वीं की बालिकाओं की छात्रवृत्ति 50 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह से बढ़ाकर 60 रुपये की गई है। प्रदेश के 9 लाख 98 हजार विद्यार्थियों को 153 करोड़ रुपये से अधिक की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति और 2 लाख 48 हजार विद्यार्थियों को 381 करोड़ रुपये से अधिक की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। कक्षा 9वीं से 12वीं की शिक्षा अधिकाधिक विद्यार्थियों को मिले इस उद्देश्य से प्रदेश के 5 जनजातीय विकासखंडों में घर से स्कूल तक विद्यार्थियों को शाला लाने ले जाने का पायलट प्रोजेक्ट आगामी सत्र से शुरू किया जा रहा है। जनजातीय विद्यार्थियों को, जिन्हें छात्रावास में आवासीय सुविधा नहीं मिल पाती है, उन्हें संभागीय मुख्यालयों पर किराये के आवास में रहने के लिये सहायता दी जाती है। आवास सहायता योजना में पिछले 18 माह में 1 लाख 26 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 207 करोड़ रुपये से अधिक सहायता दी गई है।

दुरुह और उबाऊ काम कम समय में पूरा करेगा रोबोट

मनुष्य को अपने जीवन में अनेक कार्य करने होते हैं। इन कामों में कठिन और उबाऊ काम भी शामिल हैं, लेकिन अब वैज्ञानिकों ने ऐसा रोबोट ईजाद किया है, जो मनुष्य के लिये कठिन और उबाऊ काम को बेहतर ढंग से अंजाम दे सकता है। तकनीक के बढ़ते कदमों की बात करें, तो दुनिया चांद और मंगल पर पहुंच गई, यह शायद कम होगा, क्योंकि अब तो इंसानों ने हू-ब-हू इंसानों जैसे रोबोट बनाना शुरू कर दिये हैं, जो कि इंसानों से बेहतर तरीके से कठिन से कठिन कार्य करने में माहिर होंगे। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ऐसा ही इंसानी रोबोट तैयार कर रहे हैं, जो रोजमर्रा के उबाऊ कामों के साथ-साथ कठिन से कठिन काम भी चुटकियों में निपटा देगा। यूं तो आज अस्पतालों में मरीजों को दवाइयां देना हो, रेस्तरां में मेहमानों को खाना पहुंचाना हो या फिर कार्यालय में फाइलों का रखरखाव हर कहीं रोबोट अपना काम बखूबी कर रहे हैं। लेकिन इंसानी दुनिया में रोबोट की भूमिका सिर्फ इतने तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि मस्क का ह्यूमनॉयड रोबोट इससे कहीं आगे हैं, जो घर में नौकरों की जरूरत को खत्म कर देगा। वर्तमान में इस रोबोट को आप्टिमस कोडनेम दिया गया है। मस्क की कंपनी टेस्ला इसे विकसित कर रही है। कंपनी इस रोबोट में ऑटो पायलट ड्राइवर असिस्टेंट का कुछ हिस्सा भी इस्तेमाल करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ला के पांच फीट आठ इंच के ह्यूमन रोबोट का वजन 125 पाउंड होगा और इसकी चाल पांच मील प्रति घंटे की होगी। इसके साथ ही रोबोट के चेहरे पर एक स्क्रीन लगी होगी। यह न केवल रोजमर्रा के घरेलू कामों को करने में माहिर होगा, बल्कि दुकान से राशन लाने जैसे कामों को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से आसानी से कर सकेगा। कई विशेषज्ञों ने कहा है कि एआई और मशीन लर्निंग पर आधारित रोबोट इंसानियत के लिये खतरा बन सकते हैं। इसे लेकर मस्क ने दावा किया कि यह रोबोट फ्रेंडली होगा और इंसानों के ऊपर हावी नहीं होगा। वास्तव में रोबोट को ऐसा ही होना चाहिये।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व मधुमेह दिवस 14 नवंबर

डायबिटीज के संग कैसे बनाएं जिंदगी को आसान

समय और स्वास्थ्य दो ऐसी संपत्ति हैं, जिनकी पहचान तथा मूल्य हम उस समय तक नहीं समझते, जब तक वे नष्ट नहीं हो जाते हैं। मशहूर अमेरिकी लेखक और सलाहकार डेनिस वेटली का यह कथन स्वास्थ्य के महत्व को बताने के लिए काफी है, क्योंकि यदि हम समय पर स्वास्थ्य के प्रति सजग हो जाएं तो हम न केवल कई बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि अपने जीवन को भी सुखद बना सकते हैं। प्रतिवर्ष वर्ल्ड डायबिटीज-डे 14 नवंबर को मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन फ्रेडरिक बैंटिंग का जन्मदिन है, जिन्होंने डायबिटीज के इलाज में सबसे महत्वपूर्ण दवा इंसुलिन की खोज की थी। मधुमेह दुनियाभर में होने वाली एक गंभीर और आम बीमारी है। इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन का अनुमान है कि 2017 में भारत में 7.29 करोड़ लोग डायबिटीज का शिकार थे। चिंता की बात यह है कि 2007 में यह संख्या काफी कम थी। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार 2030 तक टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों की संख्या 9.8 करोड़ के करीब होने का अनुमान है। टाइप-2 डायबिटीज लाइफस्टाइल डिसीज है, जिसमें धीरे-धीरे इंसुलिन बनाने की क्षमता खोने लगती है। अच्छी बात यह है कि लाइफ स्टाइल में बदलाव कर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि टाइप-1 डायबिटीज अचानक होती है और एक बार हो जाने पर फिर ठीक नहीं होती। इसमें इंसुलिन बनाने वाली सेल पूरी तरह डैमेज हो जाते हैं। इंसुलिन बाहर से ही लेनी होती है। अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली के इंटरनल मेडिसिन एक्सपर्ट डॉ. सुरनजीत चैटर्जी कहते हैं कि, 'डायबिटीज एक मैटाबॉलिक रोग है, जिसके कारण रक्त में शुगर का स्तर बढ़ जाता है। यह आमतौर पर दो प्रकार का होता है : टाइप-I डायबिटीज और टाइप-2 डायबिटीज। डायबिटीज गेस्टेशनल डायबिटीज या कुछ अन्य कारणों की वजह से भी हो सकती है। समय के साथ, अगर इस पर नियंत्रण न किया जाए तो शरीर को, खासतौर पर तंत्रिकाओं, रक्त वाहिकाओं, आंखों एवं किडनी तक को भी नुकसान पहुंच सकता है। जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाकर टाइप-2 डायबिटीज को रोका जा सकता है और नियंत्रित भी किया जा सकता है। जल्द निदान के द्वारा जोखिम के कारकों को कम करना संभव है।'

इंसुलिन पर निर्भर है शुगर का बढ़ना

हम जो भोजन ग्रहण करते हैं वो पेट में जाकर ग्लूकोज में बदल जाता है और ये प्रक्रिया मेटाबॉलिज्म के द्वारा होती है और हमारे शरीर में कार्बोहाइड्रेट और फैट के मेटाबॉलिज्म को कंट्रोल करता है इंसुलिन। अब जो हमारे शरीर में ग्लूकोज है उसको लाखों कोशिकाओं को पहुंचाना होता है और ये तभी हो सकता है, जब हमारे पैंक्रियास सही मात्रा में इंसुलिन बनाएं। लेकिन जब ये प्रक्रिया सही ढंग से नहीं हो पाती तो व्यक्ति मधुमेह का शिकार हो जाता है। स्वास्थ्य वैज्ञानिकों के अनुसार एक स्वस्थ आदमी के ग्लूकोज की मात्रा खाने से पहले 80 से 120 मिलीग्राम के करीब रहती है और यही खाने के बाद बदल कर 120 से लेकर 150 मिलीग्राम तक पहुंच जाती है। लेकिन मधुमेह के दौरान ये सामान्य नहीं हो पाती और कभी-कभी तो कई रोगियों में ये 300 से 400 मिलीग्राम तक पहुंच जाती है जिसको संभालना मुश्किल हो जाता है।

हर एक को मिले डायबिटीज में सही देखभाल

वर्ल्ड डायबिटीज-डे हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2021 से 23 के बीच की इसकी थीम है Access

to diabetes care अर्थात डायबिटीज के हर मरीज तक बेहतर उपचार पहुंच सके। यह दुर्भाग्य की बात है कि इंसुलिन की खोज के 100 साल बाद भी ऐसे करोड़ों लोग हैं दुनिया में जो डायबिटीज से ग्रस्त हैं, लेकिन उन्हें जिस देखभाल की आवश्यकता है, वह उन्हें नहीं मिल सकती है। डायबिटीज के मरीजों को अपनी कंडीशन को मैनेज करने और कॉम्प्लीकेशन से बचने के लिए आवश्यक देखभाल की जरूरत होती है।

मधुमेह के प्रकार

टाइप-1 डायबिटीज : इसे डायबिटीज मेलिटस जिसे सामान्य मधुमेह कहा जाता है और होता तब है जब शरीर इंसुलिन का उत्पादन करना बंद कर देता है। इसे किशोर मधुमेह के रूप में जाना जाता है।

टाइप-2 डायबिटीज : जब शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं करती या यूं कहें कि कोई जवाब देने में विफल होती हैं। इसे वयस्क मधुमेह के रूप में जाना जाता है।

गर्भावस्था में डायबिटीज : जब महिला गर्भवती हो और उन्हें कभी पहले मधुमेह न हुआ हो। खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने के कारण कभी-कभार ऐसे मधुमेह के कारण भी सामने आ जाते हैं।

डायबिटीज का हार्ट से संबंध

डायबिटीज होने पर एक सामान्य व्यक्ति की तुलना में कम आयु में हार्ट डिजीज होने की आशंका रहती है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कॉर्डियोलॉजी के फैलो एवं इटरनल हॉस्पिटल जयपुर में कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत चतुर्वेदी के मुताबिक, डायबिटीज के मरीज में हार्ट अटैक को अक्सर साइलेंट हार्ट अटैक कहते हैं। इसके लक्षण अक्सर नजर नहीं आते। ऐसा डायबिटिक न्यूरोपैथी के कारण होता है, जिसमें हार्ट को सप्लाई करने वाली नर्व्स डैमेज हो जाती है, जिससे हार्ट अटैक में होने वाला चेस्ट पैन या कमर का दर्द महसूस नहीं होता। इसलिए डायबिटीज में हार्ट अटैक को पहचानने के लिए ऐसी अवस्था में सांस फूलना या गर्दन, जबड़े में दर्द या शरीर के ऊपरी भाग में तनाव जैसे लक्षणों से पहचाना जाता है। डायबिटीज में कभी-कभी हार्ट की कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है इसे डायबिटिक कार्डियोमायोपैथी कहते हैं। यह एक तरीके का हार्ट फेल्यर है, जिसमें हार्ट की पम्पिंग क्षमता कम हो जाती है। फेफड़ों एवं पैरों में पानी का जमाव हो जाता है। सांस फूलने लगती है।

स्ट्रेस और डायबिटीज

तनाव से मधुमेह का बहुत गहरा रिश्ता है। दिमागी तनाव के चलते मधुमेह जैसी बीमारी बढ़ती जा रही है और इस दिमागी तनाव को दूर करने के लिए व्यायाम, योग, प्राणायाम ब्रह्मास्त्र ही हैं। जिसका उपयोग आसानी से कोई भी व्यक्ति मधुमेह जैसी बीमारी को जड़ से काबू करने के लिए कर सकता है। दिमागी तनाव से उत्पन्न हार्मोन ग्लूकोज की मात्रा को बढ़ाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए लाभदायक नहीं होते। ये हार्मोन नियंत्रण में करने के लिए व्यायाम सैर आदि जरूरी है। इसीलिए तो व्यायाम, योग प्राणायम, सैर आदि को मधुमेह जैसी बीमारी का दुश्मन माना गया है। इसके अलावा पर्याप्त नींद लेकर भी तनाव को कम किया जा सकता है।

शुगर का टीबी से कनेक्शन

कई बार देखा गया है कि डायबिटीज के मरीज को अचानक से सांस फुलने की समस्या और कमजोरी होने लगती है, ज्यादा खांसी भले न आए, लेकिन यह सांस फुलना भी टीबी का संकेत हो सकता है। डायबिटीज के मरीज का शुगर लेवल दवा खाने के बाद भी काबू में न आए तो भी उसे टीबी की जांच करानी चाहिए। डायबिटीज की वजह से इम्युनिटी वैसे ही कमजोर हो जाती है और कमजोर इम्युनिटी के लोगों में ही टीबी का खतरा ज्यादा होता है। इसलिए सही समय पर जांच और इलाज कराके डायबिटीज के कारण हुई टीबी को ठीक किया जा सकता है। जांच में टीबी मिलने पर टैबलेट के बजाय इंसुलिन देना ज्यादा फायदेमंद रहता है। मधुमेह के मरीज में टीबी के मूल लक्षण कुछ अलग दिखते हैं। खांसी कम आती है। संभव है कि खांसी में खून न आए। सांस फुलती है, लेकिन चिकित्सक ठीक से स्क्रीनिंग करें तो पकड़ में आ जाता है। अब टीबी के मरीजों में शुगर, एचआईवी की भी जांच कराई जाती हैं। शुगर के साथ टीबी होने पर एक्स-रे रिपोर्ट भी अलग दिखती है। डायबिटीज के संग टीबी वाले मरीजों को दवाई का पूरा कोर्स लेना चाहिए वरना बीमारी के वापस होने की आशंका बढ़ जाती है। योग सभी रोगों में लाभदायक है और योग का असर मधुमेह जैसी बीमारी पर पूरा-पूरा देखने को मिलता है, जो व्यक्ति हर रोज मधुमेह से बचने के लिए व्यायाम करते हैं उन्हें दवाओं और इंसुलिन की बहुत कम आवश्यकता पड़ती है। मधुमेह की बीमारी में उपयोगी योगासन :

1. वज्रासन, 2. धनुरासन, 3. हलासन, 4. पश्चिमोत्तानासन, 5. मंडूकासन, 6. पवनमुक्त आसन।

डायबिटीज के लक्षण

1. आंखें कमजोर होना। 2. जरूरत से ज्यादा भूख और प्यास लगना। 3. थकान महसूस होना। 4. आसानी से घाव न भरना। 5. पेशाब अधिक लगना। 6. त्वचा पर खुजली होना। 7. अचानक वजन घट जाना।

डायबिटीज हो जाने पर क्या करना चाहिए?

1. नींद अच्छे से लें। 2. समय-समय पर डायबिटीज की जांच कराते रहें। 3. चिकित्सक के परामर्श से सही चिकित्सा चलने दें। चिकित्सक को फालो करते रहें। 4. खाने पीने मे परहेज़ करें। 5. योग, प्राणायाम, व्यायाम करते रहें। 6. सुबह शाम घूमने की आदत डालें। 7. वही भोजन ग्रहण करें जिसके चयापचय/मेटाबॉलिज्म के बाद ग्लूकोज़ की मात्रा नियंत्रण में रहे। 8. एक्सरसाइज जरूरी है, 9. विटामिन डी के लिए धूप लें, 10. रिफाइंड कार्ब्स कम खाएं फाइबर फूड अधिक लेना चाहिए, 11. कॉफी या ग्रीन टी पिएं।

लगातार और लंबे समय तक न बैठें

कई अध्ययनों के एक बड़े विश्लेषण में पाया गया कि जो लोग रोज बहुत अधिक समय तक लगातार बैठे रहते हैं उनमें डायबिटीज का खतरा 91 प्रतिशत बढ़ जाता है। बच्चों पर हुई एक रिसर्च के अनुसार एक घंटे लगतार स्क्रीन के सामने बैठे रहने से इंसुलिन संवेदनशीलता में 8.7 प्रतिशत की कमी आती है। इसलिए हर एक घंटे में कम से कम पांच से सात मिनट की वॉक जरूरी है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर

विज्ञापन

क्रमांक : /परीक्षा/21 **दिनांक : 12.11.2021**

मध्यप्रदेश राज्य के जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापनाओं पर शीघ्रलेखक ग्रेड-2, शीघ्रलेखक ग्रेड-3, शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर स्टाफ), सहायक ग्रेड-3 एवं सहायक ग्रेड-3 (English Knowing) के पदों की भर्ती/नियुक्ति हेतु विज्ञापन-2021

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 30.11.2021 (12.00 PM)
आवेदन करने की अंतिम तिथि : 30.12.2021 (11.55 PM)
प्रारंभिक परीक्षा की तिथि : बाद में अधिसूचित की जावेगी।
मुख्य परीक्षा की तिथि : बाद में अधिसूचित की जावेगी।

महत्वपूर्ण बिन्दु -

(1) संपूर्ण चयन/भर्ती प्रक्रिया, रिक्त पदों हेतु अर्हताएं/अनर्हताएं, अभ्यर्थियों का चयनाधिकार आदि के संबंध में मध्यप्रदेश जिला न्यायालय स्थापना (भर्ती व सेवा की शर्तें) नियम-2016 व अन्य संबंधित नियम व प्रावधान लागू होंगे।

(2) अभ्यर्थियों का मध्य प्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

(3) अभ्यर्थी केवल एक ग्रुप हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। यदि अभ्यर्थी एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करता है तो संज्ञान में आने पर उसकी सभी ग्रुप/पदों हेतु अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके किसी भी आवेदन/आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(4) ग्रुप-A के पदों में योग्य अभ्यर्थी को पद की वरीयता चुननी होगी, जो एक बार भरे जाने के उपरांत अपरिवर्तनीय होगी। निम्न पद की वरीयता देने पर मेरिट में अधिक अंक होने पर भी वरीयता अनुसार ही उसे चयन सूची में स्थान प्राप्त होगा। जबकि उच्च पद की वरीयता देने पर मेरिट की वरीयता अनुसार निम्न पदों पर भी चयन किया जा सकेगा।

(5) अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे चयन प्रकिया से संबंधित आगामी प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त करने के अनुक्रम में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

(6) अभ्यर्थी ऑनलाइन फार्म में कोई भी प्रविष्टी अर्हताकारी अंकसूची/प्रमाण-पत्र से भिन्न नहीं करेंगे। सम्यक व सही रूप से भरे गये आवेदन-पत्र, जिनके साथ विहित शुल्क अदा किया गया है ही मान्य होंगे अन्यथा नहीं।

ग्रुपवार पदों का विवरण

ग्रुप का नाम	पदनाम	वेतनमान (छठवें वेतनमान के अनुसार)	रिक्त पदों की संख्या
A	(1) शीघ्रलेखक ग्रेड-2	5200-20200 + Grade Pay-2800/-	108
	(2) शीघ्रलेखक ग्रेड-3	5200-20200 + Grade Pay-2400/-	205
	(3) शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर स्टाफ)	5200-20200 + Grade Pay-1900/-	11
B	(1) सहायक ग्रेड-3	5200-20200 + Grade Pay-1900/-	910
C	(1) सहायक ग्रेड-3 (इंग्लिश नोइंग)	5200-20200 + Grade Pay-1900/-	21
		कुल पद	**1255**

* सातवें वेतनमान के अनुसार शीघ्रलेखक ग्रेड-2 का पे-मैट्रिक्स 28700-91300, शीघ्रलेखक ग्रेड-3 का पे-मैट्रिक्स 25300-80500, शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर स्टाफ), सहायक ग्रेड-3 एवं सहायक ग्रेड-3 (इंग्लिश नोइंग) का पे-मैट्रिक्स 19500-62000 लागू होगा।

निम्न रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक व योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं:-

खण्ड "अ"

(एक) प्रत्येक प्रवर्ग के नियमित रिक्त पदों की संख्या :-

क्र.	पद नाम	कुल रिक्तियों की श्रेणीवार संख्या				कुल रिक्तियों में से श्रेणीवार महिलाओं के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद			कुल रिक्तियां (कॉलम क्र. 3 से 6 का योग)
		UR	OBC	SC	ST	UR	OBC	SC	ST				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11			12
1.	शीघ्रलेखक ग्रेड-2	49	15	17	27	9	1	2	3	6	श्रवणबाधित	2	108
											दृष्टिबाधित	2	
											अस्थिबाधित	2	
2.	शीघ्रलेखक ग्रेड-3	72	26	30	77	13	2	3	17	12	श्रवणबाधित	4	205
											दृष्टिबाधित	4	
											अस्थिबाधित	4	
3.	शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर स्टॉफ)	11	-	-	-	-	-	-	-	1	श्रवणबाधित	1	11
4	सहायक ग्रेड-3	366	136	153	255	100	30	37	64	56	श्रवणबाधित	19	910
											दृष्टिबाधित	19	
											अस्थिबाधित	18	
5.	सहायक ग्रेड-3 (इंग्लिश नोइंग)	16	1	-	4	-	-	-	-	-	-	-	21
									महायोग	**75**			**1255**

नोट - उपरोक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय हो सकती है।

(दो) पदों की अर्हतायें :-

Sr.No.	Name of Post	Qualification
1.	**Stenographer Grade-II**	1. Graduation in any discipline from a recognized University. 2. C.P.C.T. Score card exam passed from M.P. Agency for promotion of Information Technology (MAP-IT) or any other Agency/Institution recognized by the M.P. Government. 3. Hindi shorthand exam passed with speed of 100 W.P.M. from Board/Institution recognized by M.P. Government. 4. One year diploma course passed in Computer Application from Institution recognized by M.P. Government.
2.	**Stenographer Grade-III & Stenographer Grade-III (Court Manager Staff)**	1. Graduation in any discipline from a recognized University. 2. C.P.C.T. Score card exam passed from M.P. Agency for promotion of Information Technology (MAP-IT) or any other Agency/Institution recognized by the M.P. Government. 3. Hindi shorthand exam passed with speed of 80 W.P.M. from Board/Institution recognized by M.P. Government. 4. One year diploma course passed in Computer Application from Institution recognized by M.P. Government.
3.	**Assistant Grade-III**	1. Graduation in any discipline from a recognized University. 2. C.P.C.T. Score card exam passed from M.P. Agency for promotion of Information Technology (MAP-IT) or any other Agency/Institution recognized by the M.P. Government. 3. One year diploma course passed in Computer Application from Institution recognized by M.P. Government.
4.	**Assistant Grade-III (English Knowing)**	1. Graduation in any discipline from a recognized University. 2. C.P.C.T. Score card exam passed from M.P. Agency for promotion of Information Technology (MAP-IT) or any otherAgency/Institution recognized by the M.P. Government. 3. English shorthand exam passed with speed of 80 W.P.M. from Board/Institution recognized by M.P. Government. 4. One year diploma course passed in Computer Application from Institution recognized by M.P. Government.

नोट -

क. उपरोक्तानुसार दर्शित अर्हतायें ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक उत्तीर्ण होने के साथ-साथ परीक्षा अंक पत्र/प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

ख. कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा के संबंध में म.प्र. शासन द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक-C 3-07/2015/1/3, Bhopal, Dated-18.08.2015 के परिप्रेक्ष्य में कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा समकक्ष निम्न मान्य योग्यता लागू होगी :-

1. *बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)(एम.सी.ए./बी.सी.ए./एम.एस.सी. (आई.टी./सी.एस.) बी.एस.सी. (आई.टी./सी.एस.) एम.टेक/एम.ई. इत्यादि।*
2. *ए.आई.सी.टी.ई. से अनुमोदित पोलीटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इंफारमेशन टेक्नलाजी इत्यादि।*
3. *बी.एस.सी./बी.कॉम/डिग्रीयां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नहीं होगा।* **(जैसा कि माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन नं. 1925/2010 (S) जबलपुर-राकेश यादव विरुद्ध स्टेट ऑफ एम.पी. तथा अन्य आई.एल.आर. (2011) म.प्र. 1847 (डी.बी.) में भी अभिनिर्धारित किया गया है)**

ग. दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये सरकार द्वारा बनाये नियमों/दिशा-निर्देशों के अनुसार उपरोक्त योग्यताएं आवश्यक परिवर्तन के साथ लागू होंगी।

(तीन)- आरक्षण संबंधी टीप :-

आरक्षण एवं अधिकतम उम्र में छूट के प्रावधान मात्र म.प्र. के मूल निवासियों के लिये लागू होंगे। म.प्र. राज्य के बाहर के सभी अभ्यर्थी, आवेदन पत्र में अपनी श्रेणी 'अनारक्षित' भरेंगे और अनारक्षित वर्ग की रिक्तियों पर ही आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(चार)- चयन एवं अभ्यर्थिता के संबंध में अन्य आवश्यक अर्हता एवं जानकारी :-

(1) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता विचार में नहीं ली जावेगी।

(2) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम, 6 के अनुसार नियुक्ति के लिये वह उम्मीदवार **अपात्र** होगा/होगी जो निम्न में से कोई हो-

(क) उम्मीदवार जो नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिये दोषी ठहराया गया हो।

(ख) उम्मीदवार जिसके एक से अधिक जीवित पति या पत्नियां (जैसी भी स्थिति हो) हैं। इसी प्रकार उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी या पति (जैसी भी स्थिति हो) जीवित हो।

(ग) जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं पाया जाए।

(घ) जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया हो।

(ड.) जिसकी दो से अधिक सन्तान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है, (परंतु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।)

(3) केन्द्र या राज्य के शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों/संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी की **"पूर्व अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र"** संलग्न/प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा इसके अभाव में उनकी अभ्यर्थिता किसी भी प्रक्रम पर समाप्त कर दी जावेगी। यदि अपने नियोजित होने के संबंध में जानकारी छिपायी जाती है तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की जावेगी तथा उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जावेगी।

(4) केन्द्र या राज्य सरकार के या केन्द्र या राज्य सरकार के अधिकारी या भारत के किसी भी न्यायालय द्वारा या स्थानीय प्राधिकारी या सरकारी निगम द्वारा या केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्व वाले नियंत्रित व्यक्ति द्वारा सेवा से बर्खास्त किया गया अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा।

(5) अभ्यर्थी किसी भी पद हेतु किसी भी स्थापना में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा यदि उसके विरुद्ध किसी कार्यालय में विभागीय जाँच लंबित हो।

(6) अभ्यर्थी को केन्द्रीय या संघ या किसी राज्य के लोक सेवा आयोग या उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में भाग लेने से अनर्हरित किया गया हो।

(7) अभ्यर्थी किसी प्रकार के अनैतिक क्रियाकलाप में संलग्न रहा हो/दोषसिद्ध पाया गया हो।

(8) यदि अभ्यर्थी के द्वारा किसी क्रियाकलाप या कार्यक्रम में भाग लिया गया है या संबद्धता रही है-

एक- जिसका ध्येय भारत के संविधान को क्षति पहुंचाने का रहा हो,
दो- जिसका ध्येय संगठित होकर विधि की अवज्ञा या भंग कर हिंसा कारित करना हो,
तीन- जो भारत की संप्रभुता व अखण्डता या राज्य की सुरक्षा के हितों पर पूर्वाग्रह कारित करता हो,
चार- जो धर्म, वंश, भाषा, जाति या संप्रदाय के आधार पर विभिन्न वर्गों के मध्य शत्रुता या घृणा की भावना को प्रोत्साहित करता हो।

(9) मध्यप्रदेश सिविल सेवा के (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 व मध्यप्रदेश जिला न्यायालय स्थापना (भर्ती व सेवा की शर्तें) नियम-2016 के प्रावधानों एवं समय-समय पर जारी संशोधनों के अंतर्गत अनर्हता आदि के नियम लागू होंगे।

(10) सभी परीक्षाओं में अभ्यर्थी का प्रवेश पूर्णतः प्रावधिक है। अभ्यर्थी को परीक्षा में मूल फोटो परिचय-पत्र भी लाना आवश्यक है। अंतिम शैक्षणिक संस्था प्रमुख द्वारा जारी फोटो परिचय-पत्र भी मान्य किया जा सकेगा।

(11) चयन प्रक्रिया को संशोधित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय मुख्य न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय को होगा।

(12) यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन की शर्तें पूरी न करते हुये भी ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत (Submit) करता है या उसका आवेदन त्रुटिपूर्ण पाया जाता है अथवा उसमें असत्य/अपूर्ण जानकारी दी है अथवा कोई जानकारी नहीं दी है अथवा किसी जानकारी को छिपाया है, तो संज्ञान में आते ही किसी भी स्तर/प्रक्रम पर उसका प्रवेश, चयन और उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

(13) इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन फार्म बहुत सावधानी से भरें, आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का कोई प्रावधान नहीं है, इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों को नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

(14) यदि किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका हो, तो निर्णय/संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक व दिनांक आदि की जानकारी अनिवार्यतः दें। यदि कोई अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में पंजीबद्ध अपराध या दाण्डिक प्रकरण की जानकारी छिपाता है या असत्य जानकारी देता है, तो किसी भी समय संज्ञान में आने पर तत्काल उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जावेगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

(पांच)- अनर्हताएँ -

निम्नलिखित मामलों में, उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिये विवर्जित कर दिया जाएगा:-

(1) जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिये भर्ती हेतु किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिये प्रयास किया हो, या

(2) प्रतिरूपण (इम्परसोनेशन) किया हो या कराया हो, या

(3) कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो, या

(4) चयन के किसी भी स्तर पर दिये गये किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में, असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो, या

(5) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिये कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो, या

(6) परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुँचायी हो या किसी तरीके से दुर्व्यवहार किया हो, या

(7) अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दिये गये किन्हीं निर्देशों या अन्य अनुदेशों, जिनमें परीक्षा संचालन में लगे केन्द्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दी गई हिदायतें भी शामिल हैं, का उल्लंघन किया हो, या

(8) परीक्षा भवन में चिल्लाना, बोलना, कानाफूसी करना, इशारे करना व अन्य प्रकार से सम्पर्क साधना, या

(9) यदि वह अनुचित साधनों का उपयोग करता है या उपयोग करने का प्रयास करता है या परिसर के भीतर या ऑनलाइन परीक्षा कक्ष/हॉल में कोई निषिद्ध वस्तु लाता है, या किसी तार, उससे जुड़े परिधीय या किसी फर्नीचर को कोई नुकसान पहुंचाता है, किसी परीक्षा केंद्र की इमारत या कोई अन्य चीज, या परीक्षा के दौरान किसी उम्मीदवार या अन्य व्यक्ति से बात करना या कंप्यूटर स्क्रीन, टेबल या अन्य उम्मीदवारों के कम्प्यूटर में झाँकना इत्यादि, या

(10) परीक्षा में अपने पास किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री रखना। मोबाइल फोन, कैमरा लगा कोई उपकरण या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक और संचार उपकरण प्रतिबंधित हैं और परिसर के मुख्य द्वार के अंदर अनुमति नहीं है जहां परीक्षा आयोजित की जावेगी, या

(11) अन्य कोई ऐसा आचरण किया हो जो आदर्श परीक्षार्थी के लिये वर्जित है, या

(12) ऑनलाइन फार्म में कोई भी प्रविष्टी अंकसूची/मार्कशीट/प्रमाण-पत्र से भिन्न करना, या
(13) म.प्र. राज्य के बाहर के अभ्यर्थी को आरक्षित श्रेणी में आवेदन करना।

खण्ड "ब"

(एक)- आयु की गणना-

दिनांक 01.01.2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होना आवश्यक है, आयु सीमा की गणना निम्नानुसार होगी :-

1.	पुरुष आवेदक (अनारक्षित वर्ग)	40 वर्ष
2.	पुरुष आवेदक (शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक)	45 वर्ष
3.	पुरुष आवेदक (आरक्षित वर्ग-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन)	45 वर्ष
4.	पुरुष आवेदक (आरक्षित वर्ग-शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक)	45 वर्ष
5.	महिला आवेदक (अनारक्षित वर्ग)	45 वर्ष
6.	महिला आवेदक (शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक) (विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा)	45 वर्ष
7.	महिला आवेदक (आरक्षित वर्ग-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन)	45 वर्ष

म.प्र. राज्य के बाहर के सभी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

(दो)- आवेदन-शुल्क :-

श्रेणी	परीक्षा शुल्क (अ)	सेवा प्रदाता को देय पोर्टल व अन्य शुल्क (ब)	योग (अ)+(ब)
अनारक्षित एवं/अथवा मध्यप्रदेश राज्य से बाहर के सभी अभ्यर्थियों हेतु	रु. 200/-	रु. 577.02/-	रु. 777.02/-
आरक्षित वर्ग (केवल म.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों हेतु)	रु. 0/-	रु. 577.02/-	रु. 577.02/-

नोट :- (1) उपरोक्त शुल्क परिवर्तन के अधीन है और परिस्थितियों में परिवर्तन होने पर अभ्यर्थी को परिवर्तित शुल्क का भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क वापस किए जाने अथवा समायोजन किए जाने का कोई प्रावधान नहीं है तथा शुल्क परिवर्तन के संबंध में आपत्ति(यों) पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(2) अभ्यर्थी का आवेदन पूर्ण तभी माना जायेगा जब निर्धारित शुल्क का ट्रांजेक्शन नियत समय के भीतर सेवा प्रदाता के पक्ष पर सफलतापूर्वक हो चुका हो।

यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पूर्णतः अभ्यर्थी की होगी कि परीक्षा हेतु आवेदन और शुल्क निर्धारित तिथि व समय के पूर्व जमा हो चुका है। बैंकिंग, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन व अन्य किसी कारणवश यदि अभ्यर्थी का आवेदन या शुल्क यदि निर्धारित अवधि के पूर्व जमा नहीं हो पाते हैं, तो इससे संबंधित अभ्यावेदनों पर कोई विचार न करते हुए उन्हें स्वतः निरस्त माना जावेगा।

(तीन)- ऑनलाइन आवेदन भरने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी :-

1. अभ्यर्थी स्वयं अपना ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं।

आवेदन पत्र म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध है, अभ्यर्थी को उक्त वेबसाइट में जाकर "Recruitment/Result" की बटन में क्लिक करना होगा, तत्पश्चात **"Click on-Online Application Forms/Admit Cards"** पर Click करें जिसमें उक्त पदों की भर्ती का ऑनलाइन आवेदन उपलब्ध होगा, जिसे क्लिक करने पर 03 निम्न लिंक उपलब्ध होंगी :-

1. Advertisement
2. Registrartion
3. Application

Advertisement लिंक पर क्लिक कर विज्ञापन के पूरे निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें, तत्पश्चात Registration लिंक पर क्लिक कर चाही गई जानकारी को दर्ज करें, जिससे अभ्यर्थी द्वारा दिये गये मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. में User-ID & Password भेजा जायेगा, जिसके द्वारा अभ्यर्थी Application लिंक में क्लिक कर अपना आवेदन फार्म पूरा भरकर अपनी फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर सकेंगे। पूरे फार्म को भरने के उपरांत अभ्यर्थी फार्म को Preview कर Submit बटन पर क्लिक कर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में उनके द्वारा दी गई जानकारी व विवरण सही व सत्य है, बाद में त्रुटि-सुधार के लिये पृथक से कोई अभ्यावेदन पोषणीय नहीं होगा।

2. उक्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थी दिये गये ऑनलाइन पेमेंट मोड के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। निर्धारित शुल्क का भुगतान होने के पश्चात अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र का प्रिंट आउट/पावती, प्रिंट बटन पर क्लिक कर प्राप्त कर लें। **आवेदन पत्र का प्रिंट/रसीद को भर्ती की अन्य प्रक्रियाओं के लिये हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।**

कृपया विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ लें और यदि आपको ऑनलाइन फार्म भरने में कोई समस्या आती है, तो **दूरभाष नम्बर (022-61306271) पर** तत्काल सम्पर्क करें।

नोटः- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। प्रवेश पत्र जारी करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह/योग्यताधारी मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह/अयोग्य पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

खण्ड-"स"

(एक)- भर्ती की योजना :- सभी पदों की भर्ती हेतु परीक्षा दो चरणों में होगी :-

1. प्रारंभिक परीक्षा (ऑनलाइन)
2. मुख्य परीक्षा

(दो) प्रारंभिक परीक्षा (ऑनलाइन) (100 अंक)

प्रथम चरण में प्रारंभिक परीक्षा "ऑनलाइन" आयोजित की जाएगी जो कि मुख्य परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए केवल अनुवीक्षण (Screening) परीक्षा होगी। प्रारम्भिक परीक्षा के प्राप्तांकों को अंतिम चयन में नहीं जोड़ा जाएगा।

(तीन) प्रवेश पत्र :- सभी पदों की ऑनलाइन परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र सेवा प्रदाता (Service Provider) के माध्यम से उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर जारी किये जावेंगे, जिसका प्रिंट आउट स्वयं अभ्यर्थी को प्राप्त करना होगा। प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए अभ्यर्थी को अपना User ID एवं पासवर्ड दर्ज करना होगा। प्रिंट आउट की सुविधा परीक्षा तिथि के लगभग 10-15 दिन पूर्व से उपलब्ध होगी, जिसका पृथक से कोई शुल्क देय नहीं होगा। प्रवेश पत्र पर लिखे निर्देशों का पालन अति-आवश्यक है, व्यतिक्रम में अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी।

(चार) परीक्षा केन्द्र :-

क. ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा जबलपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर, सतना एवं उज्जैन (सभी या आवश्यकतानुसार एक या एक से अधिक) में एक पाली (Shift) अथवा आवश्यकता पड़ने पर एक से अधिक पालियों (Shifts) में आयोजित हो सकेगी, परंतु विशेष परिस्थितियों में म.प्र. राज्य के बाहर के परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा सकेगी। परीक्षा एक से अधिक पाली में होने की दशा में प्रश्न पत्र अलग-अलग होंगे। जिला, परीक्षा केन्द्र तथा परीक्षा पाली (Shift) के बारे में परीक्षा सेल, उच्च न्यायालय का परीक्षार्थियों की संख्या और केन्द्र की क्षमता को देखते हुए लिया गया निर्णय अंतिम होगा। उपरोक्त में से किसी भी संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा एवं इस बावत् अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों को संक्षिप्ततः नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

ख. यदि किसी आपात स्थिति अथवा अपरिहार्य कारणों से परीक्षा दिनांक/समय/परीक्षा केन्द्र/परीक्षा पाली (Shift) को परिवर्तित करने की आवश्यकता होती है, तो इसकी सूचना म.प्र. उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर प्रकाशित की जावेगी।

(पांच) ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा का पाठ्यक्रम :-

Syllabus	No. of Questions	Marks
(1) G.K.+G.S., including G.K. of M.P.	30	30
(2) Maths + Reasoning	20	20
(3) General Hindi	10	10
(4) English knowledge	20	20
(5) Computer knowledge	20	20
Total Question and Marks	**100**	

नोट :-

1. उपरोक्त परीक्षा 02 घंटे की होगी।
2. परीक्षा की तिथि(यों), समय व परीक्षा केन्द्र हेतु चयनित स्थानों की जानकारी म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अधिसूचना के माध्यम से प्रकाशित की जावेगी।
3. **Mock Test (मॉक टेस्ट)-** अभ्यर्थियों के लिये ऑनलाइन प्रश्न-पत्र को हल करने की प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर Mock Test (मॉक टेस्ट) परीक्षा अभ्यास की सुविधा उपलब्ध है।
4. दिव्यांग अभ्यर्थियों की प्रारंभिक परीक्षा हेतु उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी। दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिये केवल एक केंद्र (जिला-जबलपुर) बनाया जा सकेगा एवं उनकी प्रारंभिक परीक्षा हेतु नियमानुसार व्यवस्था की जावेगी।

(छः)- आवश्यक सूचना :-

(1) अभ्यर्थी को अपने प्रवेश पत्र में दर्शित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा शुरू होने के समय से 1 घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना आवश्यक है तथा इसके बाद परीक्षा केंद्र पर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

(2) परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त मानी जाएगी। विलंब से आने वाले या अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी को पुनः परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) अभ्यर्थी यदि कोई आवश्यक मेडीकल उपकरण या वस्तु का उपयोग करता है तो इसकी पूर्व अनुमति परीक्षा सेल, उच्च न्यायालय से प्राप्त करनी होगी, जिसके लिये कम से कम 10 दिन पहले आवेदन करना होगा। अनुमति के बिना ऐसे उपकरण या वस्तु का उपयोग वर्जित रहेगा।

(सात):- ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम :-

1. उक्त पद की प्रारंभिक परीक्षा के बहुविकल्पीय प्रश्नों के प्रस्तावित आदर्श उत्तर जिनका परीक्षाफल तैयार किये जाने हेतु प्रयोग किया जाना आशयित है, उसे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर परीक्षा के पश्चात इस सूचना के साथ प्रदर्शित किया जावेगा कि यदि कोई अभ्यर्थी प्रस्तावित बहुविकल्पीय प्रश्नों के आदर्श उत्तरों के संबंध में आपत्ति देना चाहता है, तो वह आवश्यक रूप से उक्त सूचना प्रकाशन के सात (07) दिनों के भीतर रजिस्ट्रार (परीक्षा), प्रशासनिक भवन, म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर के पदनाम से संबोधित, लिखित एवं हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से अपने नाम, आवेदन क्रमांक आदि के विवरण एवं श्रोत/दस्तावेज इत्यादि जिस पर आधारित होकर अभ्यर्थी ने आपत्ति प्रस्तुत की है, की स्व-हस्ताक्षरित व सत्यापित फोटो प्रतिलिपि सहित डाक के माध्यम से या उच्च न्यायालय, जबलपुर के आवक सेक्शन में जमा कर प्रस्तुत करेगा। निर्धारित अवधि में प्राप्त आपत्तियों/आवेदनों पर विचार करने के पश्चात अंतिम आदर्श उत्तर तैयार किया जायेगा, जिसके आधार पर सेवा प्रदाता के माध्यम से प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। निर्धारित अवधि या परीक्षा परिणाम घोषित हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों/आवेदनों पर कोई विचार न करते हुए उसे नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा भले ही विलंब डाक विभाग द्वारा किया गया हो। ई-मेल द्वारा प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं करते हुए नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।
2. प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम अभ्यर्थी के प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर बनाया जावेगा, जिसमें प्रत्येक श्रेणी की मेरिट में 1:3 (प्रति पद के लिये 03 अभ्यर्थी) के अनुपात में अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिये, न्यूनतम अंक के अधीन, सफल घोषित किया जावेगा तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी सफल घोषित किया जावेगा। परीक्षा में सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 45 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

(आठ):- मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र एवं दस्तावेज :-

1. प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रारुप में आवेदन मय शैक्षणिक व अर्हताकारी दस्तावेज मंगाये जावेंगे जिसे अभ्यर्थियों को उनसे संबंधित जिला एवं सत्र न्यायालय में प्रेषित करना होगा, जिसकी जानकारी पृथक से उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जावेगी। अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र के साथ मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाइन फार्म के प्रिंट की प्रति को संलग्न किया जाना अति आवश्यक होगा। इन आवेदन पत्रों व दस्तावेजों का परीक्षण किया जावेगा तथा जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप नहीं पाये जाते हैं उन्हें अपात्र किया जा सकेगा, जिसकी सूचना उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।
2. आवेदन पत्र, समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों एवं 2 कलर फोटोग्राफ (जो ऑनलाइन फार्म में लगाये गये थे) के साथ एक लिफाफे में रखकर भेजे जावेंगे। उक्त लिफाफे पर अपनी श्रेणी एवं **पद/ग्रुप का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा।** आवेदन पत्र का प्रारुप म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जावेगा। **आवेदन पत्र परीक्षा सेल द्वारा निर्धारित की गई तिथि में आवश्यक रूप से संबंधित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पदनाम से संबोधित करते हुए, व्यक्तिगत रूप से अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से उक्त जिला न्यायालय में जमा करना होगा। वे अभ्यर्थी जो डाक द्वारा अपना आवेदन प्रेषित करना चाहते हैं वे अंतिम तिथि (जो भी निर्धारित की जावेगी) के कम से कम 07 दिवस पूर्व आवेदन भेजें, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को निरस्त माना जायेगा भले ही विलंब डाक विभाग द्वारा किया गया हो। साथ ही आवेदन पत्र व वांछित दस्तावेज प्राप्त नहीं होने की दशा में अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता संबंधित पद में स्वतः ही निरस्त मानी जावेगी।** उक्त संबंध में प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा और संक्षिप्ततः निरस्त कर दिया जावेगा।
3. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता से संबंधित स्वप्रमाणित दस्तावेजों की छाया प्रतियां प्रेषित किया जाना अति-आवश्यक है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास समस्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं अथवा वह अपने आवेदन के साथ वांछित दस्तावेज संलग्न नहीं करता है तो उसे अपात्र घोषित किया जावेगा। ऐसे अभ्यर्थी को पात्र किये जाने एवं चयन सूची में स्थान दिये जाने के संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा तथा नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा, भले ही अभ्यर्थी मेरिट के आधार पर चयनित क्यों न हो रहा हो।

खण्ड - "द"

(एक)- मुख्य परीक्षाः- सभी पदों की मुख्य परीक्षा 100 अंकों की होगी। मुख्य परीक्षा की तिथि की सूचना पृथक से उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।

(दो)- मुख्य परीक्षा केन्द्रः- मुख्य परीक्षा जिला न्यायालयों के माध्यम से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर एक या एक से अधिक पालियों में आयोजित की जावेगी। जिला, परीक्षा केन्द्र तथा परीक्षा पाली (Shift) के बारे में परीक्षा सेल, उच्च न्यायालय का परीक्षार्थियों की संख्या और केन्द्र की क्षमता को देखते हुए लिया गया निर्णय अंतिम होगा। उक्त संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा एवं इस बाबत् अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों को संक्षिप्ततः नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा। यदि किन्हीं कारणों से मुख्य परीक्षा दिनांक/परीक्षा केन्द्र/परीक्षा पाली (Shift) को परिवर्तित करने की आवश्यकता होती है, तो इसकी सूचना म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर प्रकाशित की जावेगी।

(तीन)- मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रमः-

Group	Post	Subject	Marks	Time
A	Stenographer Grade-2, Grade-3 & Grade-3 (For Court Manager staff)	Hindi Stenography dictation of 400 words (approx.) + Transcription/Typing	100	5+30= 35 Min.
B	Assistant Grade-3	Hindi Typing (350 words approx.) + Direct Dictation Typing (400 words approx.)	30+70 =100	10+10= 20 Min.
C	Assistant Grade-3 (Eng. Know.) (D.C.)	English Stenography dictation of 400 words (approx.) + Transcription/Typing	100	5+30= 35 Min.

नोट :-

(1) मुख्य परीक्षा कम्प्यूटर पर आयोजित की जावेगी, इसके लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को पृथक से कम्प्यूटर की-बोर्ड सहित प्रदान किया जावेगा। अभ्यर्थी को अपना कम्प्यूटर या की-बोर्ड लाने की अनुमति नहीं होगी।

(2) समस्त अभ्यर्थियों को हिन्दी टाइपिंग रेमिंगटन गेल (REMINGTON GAIL) में ही करना है।

(3) शीघ्रलेखक ग्रेड-2, शीघ्रलेखक ग्रेड-3, शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर स्टाफ) की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों को 5 मिनिट में लगभग 400 शब्दों का हिन्दी डिक्टेशन दिया जायेगा, जिसके अनुलेखन (Transcription) हेतु 30 मिनिट का समय दिया जायेगा। डिक्टेशन के अनुलेखन को कम्प्यूटर में टाइप कराया जावेगा।

(4) मूल डिक्टेशन के दौरान व पश्चात अभ्यर्थी को आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा। मुख्य परीक्षा में डिक्टेशन नोट करने हेतु नोट-बुक पृथक से प्रदान की जावेगी। उपरोक्त नोट-बुक में डिक्टेशन Long Hand में लिखे होने पर संपूर्ण अंक काटे जावेंगे।

(5) सहायक ग्रेड-3 की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों को 10 मिनिट में लगभग 350 शब्दों का हिन्दी टाइपिंग मैटर टाइप करना होगा। तत्पश्चात अभ्यर्थियों को हिन्दी डायरेक्ट डिक्टेशन दिया जावेगा, जो कि लगभग 400 शब्दों का होगा, जिसे अभ्यर्थियों को सुनकर कम्प्यूटर में सीधे टाइप करना।

(6) सहायक ग्रेड-3 (English Knowing) की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों को 5 मिनिट में लगभग 400 शब्दों का अंग्रेजी डिक्टेशन दिया जायेगा, जिसके अनुलेखन (Transcription) एवं कम्प्यूटर में टाईपिंग हेतु 30 मिनिट का समय दिया जायेगा।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति

तिलहन संघ भवन, 1, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल

विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधार पर जिला स्तर पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

क्रमांक/एफ 21-1/आई.सी.टी.सी./2021/3715 **भोपाल, दिनांक : 11.11.2021**

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम चरण-IV के अंतर्गत प्रदेश में स्थापित विभिन्न केन्द्रों में रिक्त निम्नानुसार संविदा पदों पर **31 मार्च, 2022 तक के लिए** (पदों के आगे भी निरंतर रहने की संभावना है) संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पदों की संख्या/अवधि घटाई-बढ़ाई जा सकती है।

क्र.	पद	योग्यता	निश्चित मासिक मानदेय
1.	**परामर्शदाता** (127 पद) (अनारक्षित-58, अजा-18, अजजा-24, अपिव-26, ईडब्ल्यूएस-01)	**Essential Qualification & Experience :** Post Graduate degree/diploma in Psychology/Social Work/Sociology/Anthropology/ Human Development/Nursing; with minimum 1 year experience after PG degree/ diploma, of working field of counseling in health sector; preferably in HIV/AIDS. **OR** Graduate in Psychology/Social Work/Sociology/Anthropology/Human Development/ Nursing; with minimum 3 years experience after graduation, of working field of counseling in health sector; preferably in HIV/AIDS. In the case of those recruited from the community of people infected with or affected by HIV/AIDS, the experience will be relaxed to a minimum of one year of experience in the field of HIV/AIDS. **Other expertise required :** 1. Working knowledge of computers.	Fixed Rs. 13000 per month (अन्य कोई भत्ता देय नहीं)
2.	**लैब टेक्नीशियन** (167 पद) (अनारक्षित-75, अजा-25, अजजा-33, अपिव-32, ईडब्ल्यूएस-02)	**Essential Qualification & Experience :** Graduate in Medical Laboratory Technology (B.Sc.); with minimum 1 year experience after graduation. **OR** Diploma in Medical Laboratory Technology (DMLT); with minimum 2 years experience after diploma. The services of existing LTs who do not hold a DMLT may be continued if they have done a Certificate Course in Medical Laboratory Technology and have more than 5 years experience of working in the ICTC/ PPTCT/ART center run under the National AIDS Control Programme. **Other expertise required :** 1. Working knowledge of computers.	Fixed Rs. 13000 per month (अन्य कोई भत्ता देय नहीं)
3.	**जिला आई.सी.टी.सी. सुपरवाईजर** (01 पद बालाघाट)	**Essential Qualification :** Post Graduate degree/diploma in Psychology/Social Work/Sociology/Anthropology/ Human Development. **Essential Experience :** Minimum 3 years experience (after PG degree/diploma) as counselor in ICTC/ PPTCT/STI/ART Center run under the National AIDS Control Programme. **Other Expertise required :** 1. Working knowledge of computers. 2. Willingness to travel to peripheral levels in a district. 3. Valid driving license.	Rs. 16,200 Salary+ Rs. 4,000/- TA/DA+ Rs. 500/- for Communication expenses per month. No other allowances applicable.

1. आवेदन प्राप्ति की **अंतिम तिथि : 08.12.2021** (आवेदन संबंधित जिले के अधिष्ठाता/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/संस्था प्रमुख के कार्यालय में ही प्रेषित किये जावें, समिति कार्यालय न भेजे जावें अन्यथा आवेदन निरस्त माने जावेंगे। डाक एवं अन्य किसी भी कारण से आवेदन विलंब से प्राप्त होने के लिए संस्था जिम्मेदार नहीं होगी)।
2. नवीन पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया में मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित जिला रोस्टर का पालन किया गया है।
3. उक्त विज्ञापन, चयन प्रक्रिया, प्राप्त आवेदनों को बिना किसी पूर्व सूचना/अपरिहार्य कारणों से निरस्त करने/परिवर्तित करने का पूर्ण अधिकार परियोजना संचालक, मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल के पास सुरक्षित होगा।
4. आवेदन करने के लिये पदों का जिलावार विवरण, आवेदन पत्र का प्रारूप, आवेदन प्रेषित करने के पते व अन्य विवरण/सेवा शर्तों के लिये इस कार्यालय की वेबसाइट **www.mpsacsb.org** देखें।

म.प्र. माध्यम/102611/46173/2021 **परियोजना संचालक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) - 462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 962 (PMGSY-III-Bridge)

(PMGSY-III, Batch-I Year 2021-22)

No./16393/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 03.11.2021**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **SSR Applicable -** SOR issued by Engineer-in-Chief MPPWD Bhopal for Road and Bridge work effective from 29.08.2017 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Chhindwara	1	14470000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **09.11.2021 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **25.11.2021 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/102520/46164/2021 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्र.-03, भोपाल

Mobile No. 9425601545, **ई-मेल :** mpphidcbpl3@gmail.com

क्र.- मप्रपुआअविनि/664/पयं/तशा/2021 भोपाल, दि. : 11.11.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

(24+72) बहुमंजिला आवास गृह गोल लाइन जहांगीराबाद भोपाल में 01 नग डीजल जनरेटर साईलेन्ट टाइप प्रदाय एवं स्थापित कार्य एवं थाना भवन केसला का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के लिए निविदा क्रमांक-06/2021-22 (टेण्डर क्र.-167729, 167734) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.11.2021 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/102594/46169/2021 **परियोजना यंत्री**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

(7) दिव्यांग अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा हेतु नियमानुसार उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी। दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिये केवल एक केंद्र यथासंभव बनाया जा सकेगा एवं उनकी मुख्य परीक्षा हेतु नियमानुसार व्यवस्था की जावेगी।

नोट- अभ्यर्थी इस तथ्य का विशेष ध्यान दें कि उक्त किसी भी पद की मुख्य परीक्षा में हिन्दी/अंग्रेजी डिक्टेशन व हिन्दी डायरेक्ट डिक्टेशन दौरान शोर मचाने वाले अथवा अनुलेखन/टाइपिंग में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वाले अथवा अनावश्यक वाद/विवाद करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष से बाहर कर दिया जावेगा तथा उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जावेगी साथ ही भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में उन्हें सम्मिलित होने से प्रतिबंधित किया जा सकेगा।

(चार)- मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन :-

1. उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के संबंध में मूल्यांकनकर्ता/वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ता के द्वारा दिये गये अंक ही अंतिम होंगे और उसके विरुद्ध कोई भी अभ्यावेदन विचार में लाये बिना नस्तीबद्ध कर दिये जावेंगे।
2. शीघ्रलेखक ग्रेड-2, शीघ्रलेखक ग्रेड-3, शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर स्टाफ) एवं सहायक ग्रेड-3 (English Knowing) की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में प्रत्येक त्रुटि (जैसे गलत शब्द, वर्तनी/स्पेलिंग त्रुटि, शब्द छूट जाने एवं विराम चिन्हों की त्रुटि आदि) पर 1/2 (0.50) अंक काटा जावेगा। अभ्यर्थी इस तथ्य का विशेष ध्यान दें कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय यदि किसी अभ्यर्थी की 120 से अधिक त्रुटियां पाई जाती है, तो आगे उसकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं करते हुए शून्य (00) अंक प्रदान किये जावेंगे।
3. सहायक ग्रेड-3 की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में प्रत्येक त्रुटि (जैसे गलत शब्द, वर्तनी त्रुटि, शब्द छूट जाने एवं विराम चिन्हों की त्रुटि आदि) पर 1/2 (0.50) अंक काटा जावेगा। अभ्यर्थी इस तथ्य का विशेष ध्यान दें कि हिन्दी टाइपिंग की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय यदि किसी अभ्यर्थी की 36 एवं डायरेक्ट डिक्टेशन की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय किसी अभ्यर्थी की 84 से अधिक त्रुटियाँ पाई जाती हैं, तो आगे उसकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं करते हुए शून्य (00) अंक प्रदान किये जावेंगे।

नोट- उपरोक्त सभी पदों की मुख्य परीक्षा में किसी भी अभ्यर्थी के कुल अंकों के 50 प्रतिशत से कम प्राप्तांक होने पर चयन हेतु विचार नहीं किया जावेगा। उक्त न्यूनतम अंक के सम्बन्ध में कोई आवेदन अथवा अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे और संक्षिप्ततः निरस्त कर दिये जावेंगे।

(पांच):- मुख्य परीक्षा का परिणाम :-

शीघ्रलेखक ग्रेड-2, शीघ्रलेखक ग्रेड-3, शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर स्टाफ) का परिणाम अभ्यर्थी द्वारा दी गई वरीयता, उक्त पद हेतु उसकी शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता के अध्यधीन बनाया जावेगा। अन्य पदों की मुख्य परीक्षा का परिणाम अभ्यर्थी के प्राप्तांकों व श्रेणीवार मेरिट के आधार पर बनाया जावेगा। समान अंक होने की दशा में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को वरीयता दी जावेगी। अंतिम चयन सूची उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।

टीपः-
1. परीक्षा के किसी भी स्तर पर पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन करने का कोई प्रावधान नहीं है अतः इस विषय में प्राप्त आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी तथा संक्षिप्ततः निरस्त कर दिये जायेंगे।
2. सूची में अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी के द्वारा अभ्यर्थी की योग्यता संबंधित दस्तावेज व पृष्ठभूमि की जांच करने के पश्चात यह समाधान नहीं हो जाता कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है। जांच में असंतुष्टि पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।
3. चयन सूची उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि या अन्य कोई सारवान त्रुटि ध्यान में आती है तो उच्च न्यायालय का परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

(छः)- प्रतीक्षा सूची (Waiting List) :-

प्रत्येक पद की प्रतीक्षा सूची (Waiting List) अन्तिम परिणाम घोषित होने के दिनांक से म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्र. F 6-07/2012/एक(1), भोपाल, दिनांक-14, जुलाई, 2016 के अनुसार मान्य होगी।

(सात): पदस्थापना/जिला आवंटन :-

चयनित अभ्यर्थियों को जिले का आवंटन काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों की श्रेणीवार मेरिट एवं जिले में रिक्त पदों की श्रेणीवार उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए किया जावेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि सफल अभ्यर्थियों को किसी जिला विशेष या पद विशेष पर पदस्थापना प्राप्त करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। काउंसलिंग दिवस में अभ्यर्थी द्वारा अपने पसंदीदा जिले के लिए किसी भी प्रकार का अनावश्यक संवाद अथवा पत्राचार स्वीकार नहीं किया जावेगा। उपरोक्त सभी पदों पर नियुक्ति हेतु नियुक्तिकर्ता अधिकारी संबंधित जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीश होंगे।

नोट- चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति के लिये अर्हता उसके दस्तावेजों व पृष्ठभूमि के सत्यापन उपरांत नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी की संतुष्टि के अध्यधीन होगी।

(आठ): सूचना के अधिकार के तहत जानकारी :-

प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम प्रकाशित होने के उपरांत अभ्यर्थी अपने प्राप्तांक व उत्तर पुस्तिका संबंधी जानकारी म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट से यूजर आई.डी. व पासवर्ड डालकर प्राप्त कर सकेगा। यदि अभ्यर्थी सूचना के अधिकार के तहत आवेदन करता है, तब विहित शुल्क अदा करने व नियमानुमत होने पर परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने से 3 माह तक आवेदक अभ्यर्थी की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक/उत्तरपुस्तिका की जानकारी प्राप्त करने के लिये अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क जमा करके अंतिम चयन सूची जारी होने की तिथि से 03 माह तक प्राप्त कर सकता है। मुख्य परीक्षा के संबंध में सूचना के अधिकार के तहत कोई आवेदन अंतिम परिणाम घोषित होने के पहले पोषणीय नहीं होगा।

(नौ): विनष्टीकरणः-

परीक्षा में प्रयुक्त सभी उत्तर-पुस्तिकाओं/आन्सर शीट्स आवेदन-पत्रों (अंतिम रूप से चयनित व प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों के मुख्य परीक्षा के आवेदनों को छोड़कर) व अन्य सामग्री को चयन सूची/अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक वर्ष बाद नष्ट कर दिया जावेगा।

(दस): यात्रा व्यय का भुगतानः-

परीक्षाओं हेतु आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों से कोई परीक्षा शुल्क न लेते हुए केवल सेवाप्रदाता का शुल्क लिया जा रहा है, इस कारण परीक्षा में उपस्थित होने वाले किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(ग्यारह): शुद्धिपत्रः-

आवश्यकता होने पर शुद्धिपत्र प्रकाशित किया जायेगा, जो कि इस विज्ञापन का भाग माना जायेगा। उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित "शुद्धिपत्र" को अभ्यर्थियों के लिये उचित एवं पर्याप्त सूचना के रूप में समझा जावेगा। "शुद्धिपत्र" की जानकारी प्राप्त नहीं होने के आधार पर प्राप्त अभ्यावेदनों को संक्षिप्ततः निरस्त कर दिया जावेगा।

(बारह): कोविड-19 महामारी से संबंधित निर्देश :-

परीक्षा के विभिन्न चरणों यथा ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा इत्यादि के पूर्व अथवा परीक्षा के समय अभ्यर्थी को तत्समय प्रभावशील सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा, इसके अलावा प्रवेश पत्र अथवा नोटिस के माध्यम परीक्षा सेल द्वारा कोविड-19 महामारी से संबंधित विशेष निर्देश जारी किये जा सकते हैं जिनका पालन करना अभ्यर्थी के लिए अनिवार्य होगा अन्यथा अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता परीक्षा सेल द्वारा निरस्त की जा सकेगी।

(तेरह): अभ्यावेदन/पत्राचार :-

ई-मेल के माध्यम से कोई भी अभ्यावेदन पोषणीय नहीं होगा और स्वतः निरस्त माना जाएगा। इसके अलावा विज्ञापन की शर्तों में परिवर्तन, अर्हता, आयु-सीमा एवं परीक्षा तिथियों आदि में परिवर्तन या छूट के संबंध में कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा।

आर-46163/2021 **रजिस्ट्रार जनरल**

SHRI VAISHNAV INSTITUTE OF MANAGEMENT, INDORE

Approved by AICTE, Affiliated to DAVV, Indore and RGPV, Bhopal
UGC - NAAC accredited 'A' Grade Institute
Scheme No. 71, Gumasta Nagar, INDORE-452 009 (M.P.), Ph.: 0731-2780011, 2789925

REQUIRES

ASSISTANT PROFESSOR

ELIGIBILITY

- **Management:** First Class or equivalent in Masters Degree in Business Administration or equivalent and 2 years professional / teaching experience is desirable.
- **English** : First Class in Masters Degree in English with Ph.D.

Salary
As per UGC norms

ADMINISTRATIVE OFFICER

Post Graduate with minimum 10 years of relevant administrative experience in Higher Education Institution dealing with matters of student's scholarship, University affiliation, AICTE approval, Student data management, IQAC documentation and liaisoning with DAVV, RGPV, AICTE, DTE, Higher Education, legal matters and other Government Authorities, matter related to House Keeping and general administration.

Interested candidates may send application along with resume, photo and testimonials at Institute's address within 15 days of publication of advertisement.

R-46174/2021

deepak

PANDIT S.N. SHUKLA UNIVERSITY,SHAHDOL (M.P.)

पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)

Phone:07652-240917● Emai : ptsnsuniversity@gmail.com● Website:ptsnsuniversity.ac.in

No. 1367/2021 **Shahdol, Dated : 08.11.21**

ADVERTISEMENT FOR THE POST OF ASSISTANT PROFESSOR

Pandit S. N. Shukla University, Shahdol (M.P.) invites applications from eligible candidates for the posts of Assistant Professors (Academic Pay level 10 in accordance to 7th CPC) as per following details :

S.No.	Subjects	No. of Posts	UR	ST	SC	OBC	EWS
1	Biotechnology	02	1	---	---	1	---
2	Botany	04	2	1	1	---	---
3	Chemistry	08	2	2	1	2	1
4	Commerce	04	1	---	1	2	---
5	Computer Science	04	1	1	---	1	1
6	Economics	04	1	1	1	1	---
7	Electronics	02	1	1	---	---	---
8	English	04	---	---	1	2	1
9	Fisheries	02	1	1	---	---	---
10	Geography	04	2	---	1	1	---
11	Hindi	04	---	1	1	1	1
12	History	04	2	1	---	1	---
13	Mathematics	04	---	1	1	1	1
14	Physics	04	1	1	---	2	---
15	Political Science	04	2	---	1	1	---
16	Sanskrit	02	---	1	---	---	1
17	Sociology	04	1	1	1	1	---
18	Zoology	04	2	---	1	1	---
	Total	**68**	**20**	**13**	**11**	**18**	**6**

Note : Reservation for Women and Persons with Disabilities (P.W.D.) candidates are subject to the rules of Govt. of Madhya Pradesh. Appointments shall be as per the decision of the Honorable High Court pertaining to reservation.

For the above posts the qualifications and experience for the appointment shall be as per UGC Regulation 18 July 2018. Service Conditions, reservations and relaxations shall be as per the University norms, regulations and State Government norms. Detailed information, important instructions and application form is available on the website of the University **www.ptsnsusinversity.ac.in**. Applications shall be accompanied by required essential documents along with a demand draft of Rs. 2000/- for Unreserved and OBC candidates, Rs.1000/- for SC/STcandidates, in favor of **"Registrar, Pandit S. N. Shukla University,Shahdol"**, so as to reach to the University through Registered/Speed Post/In Person addressed to **"Registrar, Pandit S. N. Shukla University, Navalpur Campus, Shahdol (M.P.) 484001"latest by date 10.12.2021.**

Applicant should mention the Post applied for ..... Subject ..... Advertisement no.& Date ..... on the envelope.

Note : Details regarding educational qualification, selection process, application fees, last date for receiving the application, etc. can be obtained under Important Instructions from the website of the University www.ptsnsuniversity.ac.in.The Candidates are advised to check the University Website for further instructions/updates regularly.

R-46159/2021 **REGISTRAR**

वैक्सीन लगवाकर करें कोरोना पर वार
बचेगी जिन्दगी तो करेंगे धंधा और व्यापार

कार्यालय कलेक्टर (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण)
जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/डी.डी.आर.सी./2021/117 **मंदसौर, दिनांक 12.10.2021**

विज्ञप्ति

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के F.No.-22-33(27)/2018-DD-11/V दिनांक 29 मई 2018 सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक वि.स.श.-2/2019/1545 दिनांक 01.06.2019 एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के पत्र क्र/2019/डी.डी.आर.सी.-2/2749 दिनांक 07.10.2019 के निर्देशानुसार जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संचालन हेतु पदों के विरुद्ध रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है। इच्छुक उम्मीदवार **दिनांक 23.11.2021** को कार्यालय समय अपरान्ह 5.30 बजे तक अपने आवश्यक सहपत्रों सहित संलग्न निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण) मंदसौर में प्रस्तुत कर सकेंगे। शैक्षणिक योगयता एवं जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	पद का नाम	पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं	रिक्त पद	स्वीकृत मानदेय प्रतिमाह
1.	Sr. Speech Therapist/ Audiologist	Post Graduate in related field in B.Sc. (Speech & Hearing).	01	20500/-
2.	Multipurpose rehabilitation worker (M.R.W.)	10+2 with diploma in CBR/MRW Course or one years diploma coruse in early childhood special education with 2 years experience.	01	14500/-
3.	Sr. Prosthetist & Orthotist	Degree in prostheic and Orthotic Preferably from National institute with 5 years experience or a Diploma in prothetic and Orthotic with 6 years experience.	01	20500/-
4.	Vocational Counselor Cum Computer Assistant	Gradute with Post Graduation Diploma in Computer Recognized by UGC. 2 Year Experience (Computer Work)	01	14500/-
5.	Accountant Cum Clerk Cum Store Keeper	B.Com./SAS with 2 year experience	01	14500/-
6.	Special Educator (Mental Retardation/ Autism/Cerebral Palsy)	Gradute (General) B.Ed. in special education in MR with 2 years experience or diploma in special education MR with 3 years experience.	01	16000/-
7.	Administrative Officer	Post Graduate with 5 years experience in disability related field.	01	16000/-
8.	Chokidar	VIII Pass	01	8000/-

निम्न शर्तें :- 1. उक्त पद एकांकी होने से आरक्षण प्रावधान से मुक्त होगा। 2. उक्त पद पर नियुक्ति पूर्णतः संविदा पर आधारित होगी, नियुक्ति एक वर्ष के लिए संविदा पर होगी। 3. एक वर्ष की नियुक्ति के दौरान कार्य संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर केन्द्र के सचिव/अध्यक्ष द्वारा किसी भी समय एक माह के नोटिस पर सेवाएं समाप्त की जायेंगी। सेवाएं संतोषप्रद पाए जाने पर सेवा में वृद्धि आवश्यकता अनुसार की जाएगी। 4. नियुक्ति के पात्र पाए जाने पर 15 दिवस में थाना द्वारा चरित्र सत्यापन रिपोर्ट एवं मेडिकल बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 5. उपरोक्तानुसार पदों के लिए आयु 18 से 35 वर्ष होगी। 6. अनुभव प्रमाणों के लिए जिस संस्था में काम किया गया है उसके वेतन रसीद होना आवश्यक है, अंतिम 1 वर्ष का बैंक स्टेटमेंट जिसमें वेतन प्राप्त हुआ है। 7. जिला प्रबंधन टीम को किसी भी पद को निरस्त करने, योग्यता संबंधी एवं मानदेय के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार रहेगा। 8. निर्धारित योग्यता नहीं होने पर स्वतः ही आवेदन निरस्त माना जायेगा। 9. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें। 10. पद सरल क्रमांक 01 से 03 एवं 06 के लिये भारतीय पुनर्वास परिषद् (आरसीआई), दिल्ली से जीवित पंजीकृत होना अनिवार्य है। 11. सभी पदों हेतु जीवित रोजगार पंजीयन होना अनिवार्य है।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष
जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, मंदसौर

आवेदन - पत्र

प्रति,
कलेक्टर एवं अध्यक्ष
जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, मंदसौर

पद का नाम .....

(1) आवेदक का नाम .....
(2) पिता/पति का पूरा नाम .....
(3) जन्मतिथि अंकों में .....
(4) वर्ग (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य/अल्पसंख्यक) .....
(5) पत्राचार का पता .....
(6) दूरभाष क्र. .....
(7) ईमेल - यदि हो तो .....
(8) स्थाई निवास का पता .....
(9) वर्तमान पद का नाम एवं नियुक्ति दिनांक .....
(10) विभाग का नाम .....
(11) शैक्षणिक योग्यतायें :-

क्रमांक	उत्तीर्ण परीक्षा (शैक्षणिक/तकनीकी) का नाम	बोर्ड/वि.वि. का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्त अंक प्रतिशत	श्रेणी

(सभी योग्यता व अनुभव प्रमाण-पत्रों की राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(12) रोजगार कार्यालय का नाम .....
(13) जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक .....
(14) जीवित आर.सी.आई. पंजीयन क्र. .....

दिनांक .....

(आवेदक के हस्ताक्षर)

घोषणा-पत्र

मैं ..... आत्मज/आत्मजा श्री/श्रीमती ..... एतद् द्वारा शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिये गये सम्पूर्ण विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा। संलग्न किये गये दस्तावेज फर्जी पाये जाते हैं, तो मुझे सेवा से पृथक करने एवं दण्ड देने का अधिकार नियुक्तिकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

संलग्न दस्तावेजों का विवरण -

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पूरा नाम व पता .....

जी-18863/46152/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. - 462 011

IFB No.-WB –30/964

No./16758/FA/WB/CMGSY/2021 Bhopal, Dated : 11.11.2021
Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for upgradation of Rural Road of Gravel Standards Constructed under CMGSY to Black top Standards under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1.	Ashoknagar	4	8	82298000.00
2.	Balaghat	2	7	43353000.00
3.	Betul	1	2	28120000.00
4.	Chhatarpur	2	5	32996000.00
5.	Chhindwara	2	2	14326000.00
6.	Damoh	2	3	27613000.00
7.	Datia	2	9	48348000.00
8.	Dewas	3	11	102267000.00
9.	Dhar	7	16	144289000.00
10.	Guna	2	7	69119000.00
11.	Harda	5	5	44074000.00
12.	Hoshangabad	2	2	12958000.00
13.	Indore	1	1	6586000.00
14.	Jabalpur	1	1	4684000.00
15.	Jhabua	1	2	5277000.00
16.	Katni	1	1	13882000.00
17.	Khandwa	1	1	8938000.00
18.	Khargone	2	3	40323000.00
19.	Mandsaur	1	2	19406000.00
20.	Narsinghpur	2	6	61535000.00
21.	Neemuch	4	18	193342000.00
22.	Panna	1	2	14257000.00
23.	Raisen	3	8	54227000.00
24.	Rajgarh	5	17	165546000.00
25.	Ratlam	4	24	148489000.00
26.	Rewa	2	2	41110000.00
27.	Sagar	3	7	54633000.00
28.	Satna	12	27	215228000.00
29.	Sehore	4	10	82974000.00
30.	Seoni	1	8	49834000.00
31.	Sidhi	2	2	16820000.00
32.	Vidisha	3	6	88107000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **16.11.2021 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102603/46172/2021 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.- 01, जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.)-482003
Ph. : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

म.प्र. पुलिस आ.अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 अंतर्गत खेलो इंडिया योजना अंतर्गत स्वीकृत 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक (Top Layer Over Sub Grade) रॉंझी, जबलपुर कार्य हेतु निविदा क्र. 10/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_167237) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 25.11.2021 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/102568/46166/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर, पिन-474011
निविदा आमंत्रण सूचना-14-15/2021-22

प्रेस-विज्ञप्ति

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14-15/2021-22 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_167731_1, MPPHC_167733_1, MPPHC_167735_1, एवं MPPHC_167736_1, हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.11.2021 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
म.प्र. माध्यम/102595/46170/2021 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति खरगोन जिला-खरगोन (म.प्र.)

क्र/मंडी/नि./2021-22/998 **खरगोन, दिनांक : 10.11.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2021_MPSAM_166501, निविदा सिस्टम क्रमांक 2021_MPSAM_166502 एवं निविदा सिस्टम क्रमांक 2021_MPSAM_166503 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक **03.12.2021 को शाम 5:50 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/102593/46168/2021 **सचिव**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601523/8871571988

प्रेस विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत निर्माण कार्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रामनगर जिला सतना के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 14/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER NO. 2021_MPPHC_167162_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 27.11.2021 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/102560/46165/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, तकनीकी संभाग, खरगोन
क्रमांक/बोर्ड/त.स./2021-22/1012 **खरगोन, दिनांक 10.11.2021**

वाहन किराये से लेने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड तकनीकी संभाग खरगोन के अंतर्गत खरगोन जिला, बड़वानी जिला, खण्डवा जिला, बुरहानपुर जिला (4 उपसंभाग) में आने वाली विभिन्न मंडी समितियों में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु विभिन्न संस्थाओं में पंजीकृत/ख्याति प्राप्त टूर्स एण्ड ट्रेवल्स एजेंसियों से नॉन ए.सी. (इंडिका, स्विफ्ट, बिट, झेन आदि) कार, जो टेक्सी कोटे में पंजीकृत हो, प्रति किलोमीटर की दर से किराये पर लेने हेतु मोहरबंद निविदाएं पंजीकृत डाक से दिनांक 30.11.2021 को अपरान्ह 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में रु. 100/- में क्रय किया जा सकता है। प्राप्त निविदा अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 01.12.2021 को खोली जावेगी। मोहरबंद निविदाओं के साथ रु. 5000/- (पाँच हजार) की एफ.डी.आर. "कार्यपालन यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड तकनीकी संभाग खरगोन" के नाम से अमानत राशि के रूप में प्रस्तुत करना होगी, अन्यथा प्रस्तुत दरों पर विचार नहीं किया जावेगा। प्रत्येक उपसंभाग हेतु अधिकतम देय राशि रु. 17000/- प्रतिमाह होगी। अन्य नियम/शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर इस कार्यालय में किया जा सकता है एवं उन्हीं शर्तों के अधीन निविदाएं मान्य की जावेंगी।
म.प्र. माध्यम/102584/46167/2021 **कार्यपालन यंत्री**

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन में बेहतर सेवाएं देने वाले अधिकारियों को दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत श्रेष्ठ सेवाएं देने वाले अधिकारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्याओं के निराकरण में शत-प्रतिशत के आसपास उपलब्धि हासिल करने वाले अधिकारियों की भूमिका से आमजन की समस्याओं के निराकरण में सहयोग मिलता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री रविकांत औदिच्य भोपाल, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. रवि प्रताप सिंह भदौरिया गुना, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक संचालक डॉ. अनुराधा सकवार उज्जैन, ऊर्जा विभाग के जूनियर इंजीनियर श्री रोहित जैन दमोह और नगरीय विकास विभाग के सब इंजीनियर श्री जीवन रावत देवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा कर नागरिकों के कल्याण से संबंधित अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग काउंसिल एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन (एम.एम.एल.टी.) योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
3.	बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
4.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष
5.	सर्टिफिकेट इन एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन	1 वर्ष
6.	ओ.टी. टेक्निशियन (ऑपरेशन थ्रीएटर)	1 वर्ष

क्रमांक 3, 5 एवं 6 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है। संचालक

LMEDTY

R-46175/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) - 462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 963 (PMGSY-Bridge) (BW)

No./16761/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 11.11.2021**
Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work** – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **SSR Applicable** - SOR issued by Engineer-in-Chief MPPWD Bhopal for Road and Bridge work effective from 29.08.2017 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Betul	1	34936912.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **https://www.mptenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **16.11.2021 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **02.12.2021 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102602/46171/2021 **(T & e-G)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड श्योपुर, (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक 07530-222185, Email id :- eephed_sheopur@yahoo.com

क्र. 2222 **दिनांक 28.10.2021**

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-निविदायें On-line आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम - श्योपुर जिले के विकासखण्ड विजयपुर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना अन्तर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी निर्माण एवं पाइप लाईन बिछाना, नलकूप में सबमर्सिबल मोटर पंप डालना एवं विद्युत लाईन स्थापित कर मोटर पंप को जोड़ना और पंप हाउस, पाइप लाईन सबमर्सिबल मोटर पंप क्रय कर डालना, घरेलू नल कनेक्शन आदि सामग्री सहित 90 दिवस ट्रायल रन की निविदा आमंत्रित करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा सूचना क्रमांक	टेंडर आई.डी.	ग्राम का नाम	विकास खण्ड	कार्य की संख्या	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समय
1.	49/2021-22 दि. 28.10.2021	2021_PHED_165900_1	सहसराम	विजयपुर	01	377.19	377190	15000/-	06 माह
2.	50/2021-22 दि. 28.10.2021	2021_PHED_166161_1	श्यामपुर	विजयपुर	01	409.83	409830	15000/-	09 माह

विड सबमिशन प्रारंभ दिनांक 03.11.2021 समय 10.30 बजे से
विड सबमिशन अंतिम दिनांक 16.11.2021 समय 15.30 बजे तक
विड खोलने का दिनांक 18.11.2021 समय 13.00 बजे

नोट - यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड श्योपुर (म.प्र.)

जी-18869/46156/2021

स्थानीय युवाओं को मिले उद्योगों में नियोजन - मुख्यमंत्री

सीहोर, स्थानीय युवाओं को विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में नियोजन के लिए जिला प्रशासन अपने प्रयासों में वृद्धि करें। रोज़गार मेले लगाकर भी युवाओं को विभिन्न रोज़गार योजनाओं से जोड़ा जाए। लघु, मध्यम और सूक्ष्म औद्योगिक इकाइयों में बेरोज़गार युवाओं को जोड़ने के प्रयासों की कलेक्टर द्वारा सतत् समीक्षा भी की जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर के बुधनी क्षेत्र के विकास कार्यों पर अधिकारियों से चर्चा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधनी में लकड़ी के खिलौनों के व्यवसाय को प्रोत्साहित करने, लघु व्यवसायियों को लाभान्वित करने, उनके व्यवसाय की कठिनाइयों को दूर करने और अंचल में टॉय क्लस्टर के विकास के कार्य को गति देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुद्रा योजना और स्ट्रीट वेण्डर्स योजना में लाभ दें

मुख्यमंत्री ने बेरोज़गारों को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुद्रा योजना के साथ ही स्ट्रीट वेण्डर्स कल्याण योजना में लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पथ विक्रेताओं के आर्थिक उन्नयन के लिए उनके सर्वे का कार्य किया गया है। पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

स्व-सहायता समूहों को गतिविधियों से जोड़ें

श्री चौहान ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला स्व-सहायता समूहों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाए। समूहों को प्रावधान के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

संचार, विद्युत और सड़क सुविधाओं का विकास करें

श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचार, विद्युत और सड़क सुविधाओं का विकास किया जाए। विभिन्न संचार कंपनियों के टॉवर स्थापित करने और नए विद्युत उप केन्द्र की स्थापना के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर क्रियान्वयन की कार्यवाही की जाए। शहरी क्षेत्रों में जिस तरह वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार का कार्य सतत् रूप से किया जा रहा है। उसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यों को पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यकतानुसार वाटर टैंक निर्माण, बायपास निर्माण और सी.एम. राइज स्कूलों के प्रस्ताव, सामुदायिक भवन, नर्मदा घाट का विकास और पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की समीक्षा की।

न्यायालयीन प्रकरणों के निर्णयों पर अमल की अभिनव पहल

भोपाल, उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों द्वारा पारित निर्णय और आदेशों पर समय-सीमा पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए, लोक निर्माण विभाग द्वारा अभिनव पहल की गई है। विभाग के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा उच्च/उच्चतम न्यायालयों में दर्ज याचिकाओं तथा पारित आदेशों की जानकारी 30 नवम्बर 2021 तक विभाग के पोर्टल www.wms.mppwd.gov.in/cclogin.aspx पर दर्ज करा सकेंगे। इससे न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों पर विभाग समय-सीमा में पालन सुनिश्चित कर सकेगा।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि विभाग से संबंधित उच्च न्यायालय/उच्चतम न्यायालयों में प्रकरणों में पारित आदेश की जानकारी समय-सीमा में प्राप्त न होने के कारण अनेक बार न्यायालय की अवमानना की स्थिति निर्मित हो जाती है। न्यायालयीन प्रकरणों में पारित आदेशों पर अमल के लिए लोक निर्माण विभाग में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग में कार्यरत, सेवानिवृत्त तथा प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ कर्मचारी न्यायालयीन प्रकरणों की जानकारी पोर्टल पर 30 नवम्बर, 2021 तक दर्ज करा सकते हैं।

प्रमुख सचिव श्री मंडलोई ने प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम एवं परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पीआईयू को निर्देशित किया है कि न्यायालयीन प्रकरणों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे प्रकरणों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना

सामाजिक समरसता राज्य सरकार का मूल मंत्र - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

निवाड़ी, सामाजिक समरसता हमारी सरकार का मूल मंत्र है। सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। गरीब, किसान और मजदूर किसी भी वर्ग का हो, उसे सरकार की ओर से हरसंभव सहायता दी जा रही है। सरकार हर व्यक्ति के सम्मान और पिछड़ों के उत्थान के लिये कटिबद्ध है। पृथ्वीपुर से मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना की शुरुआत की जा रही है, जिसमें ऐसे हर व्यक्ति को आवासीय भूमि का अधिकार-पत्र दिया जाएगा, जिसके पास रहने के लिये जगह नहीं है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पृथ्वीपुर में विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमि पूजन और हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में केवल जनता का राज चलेगा। हम गड़बड़ करने वालों को सही कर देंगे। सबको न्याय मिलेगा। हम जनता के मान-सम्मान और शान में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देंगे। जनता की सेवा ही हमारा ध्येय है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर गरीब को झोपड़ी की जगह पक्का मकान दिलाया जाएगा। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे पूरा कर लिया गया है तथा 15 हजार 844 नये नाम जुड़े हैं। हर वर्ष प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे परिवार, जिनके पास रहने के लिये जगह नहीं है अथवा परिवार बढ़ जाने से जगह बहुत कम हो गई है, उन्हें भू-अधिकार पत्र दिलाये जाएंगे। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना का शुभारंभ पृथ्वीपुर से किया जा रहा है। सबसे पहले यहां के जवाहरपुरा के 40 व्यक्तियों को भू-अधिकार पत्र बांटे जा रहे हैं।

श्री चौहान ने निर्देश दिये कि शासकीय योजनाओं का लाभ दिये जाने में इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि योजना का लाभ वास्तविक हितग्राही तक ही पहुंचे। वास्तविक हितग्राही की आड़ में कोई दूसरा व्यक्ति लाभ न ले पाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाकर ग्रामीण परिवारों को आजीविका एवं आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान की जा रही है। हमारा यह प्रयास है कि स्व-सहायता समूह की हर महिला को प्रतिमाह कम से कम 10 हजार रुपये की आमदनी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई, दवाई और रोज़गार सुनिश्चित किया जा रहा है। हम सभी के लिये आवास की व्यवस्था कर रहे हैं। हर गरीब को एक रुपये किलो गेहूं-चावल दिया जा रहा है। विद्यार्थियों की फीस मामा भर रहा है, आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज दिया जा रहा और पथ विक्रेता जैसी योजनाओं के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसाइयों को व्यवसाय के लिये सहायता दी जा रही है।

श्री चौहान ने पृथ्वीपुर में 18 करोड़ रुपये की लागत से सीएम राइज स्कूल खोले जाने, 6 किलोमीटर लंबे सिमरिया रोड को बनाये जाने, जैरोन में नाला निर्माण, अंबेडकर भवन निर्माण, बस स्टेण्ड निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, दिगौड़ा में तहसील प्रारंभ करने, पृथ्वीपुर के राधा सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, नगर प्रवेश द्वार का निर्माण, ममोरा में पंचायत भवन, जामनी नदी पर पुल निर्माण, वेस्ट वियर निर्माण, आसपास के 5-6 गांवों में आंगनवाड़ी भवन निर्माण, पशु औषधालय निर्माण और खेल मैदान बनाये जाने आदि घोषणाएं कीं।

मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी करेगी

कृषि, इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रबंधन पाठ्यक्रम की पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद

भोपाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी का महत्व अधिक बढ़ गया है। अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, अन्य शासकीय-निजी विश्वविद्यालयों के समन्वय से कृषि, इंजीनियरिंग, मेडिकल, फार्मेसी और प्रबंधन के पाठ्यक्रमों की पुस्तकों को हिंदी में प्रकाशित किया जाएगा, ताकि हिंदी माध्यम से भी पढ़ाई हो सके। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी की वार्षिक कार्य समिति और प्रबंधन मंडल की बैठक को सम्बोधित करते हुये कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी की कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुये।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद अकादमी का दायित्व बढ़ गया है। मातृभाषा में पढ़ाई को प्रोत्साहित किये जाने से अकादमी के कार्यों का विस्तार होगा। कृषि विभाग के सहयोग से कृषि विषयों के पाठ्यक्रमों और प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों और हिंदी विश्वविद्यालय के समन्वय से मेडिकल की पुस्तकों को हिंदी में प्रकाशित किया जाएगा। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल परस्पर समन्वय कर फार्मेसी के पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का हिंदी अनुवाद करेंगे। अकादमी द्वारा इसे प्रकाशित किया जाएगा। प्रबंधन विषय की पुस्तकों का भी हिंदी में अनुवाद किया जाएगा। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एआईसीटीई के लिए इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों का हिंदी में अनुवाद कर रहा है।

डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियों पर केंद्रित एक मासिक पत्रिका भी प्रकाशित की जाएगी। डॉ. यादव ने कहा कि अकादमी द्वारा इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस पर केंद्रित विशेषांक भी प्रकाशित किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसमें प्रतिष्ठित लेखकों और चिंतकों के लेख मंगवाए जाएं, यह एक अद्वितीय प्रकाशन होगा। प्रभारी आयुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा दिए जाने में अकादमी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे तकनीक से जोड़े जाने की आवश्यकता है। हिंदी ग्रन्थ अकादमी के निदेशक डॉ. अशोक कड़ेल ने कहा कि हिंदी ग्रंथ अकादमी राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के साथ भी कार्य कर रही है।

मध्यप्रदेश में राजस्व अभिलेखों में सुधार के लिये शुद्धिकरण पखवाड़ा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रदेश में राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों को दूर करने के लिये प्राथमिकता के आधार पर शुद्धिकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस मुहिम का उद्देश्य राजस्व अभिलेखों में भिन्नता के कारण दिन-प्रतिदिन आम जनता को आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिये अभिलेखों में पूरी गंभीरता से सुधार के कार्य को एक साथ पूरे प्रदेश में करना है।

शुद्धिकरण की आवश्यकता

राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में क्षेत्रीय शब्दों के उपयोग के कारण एकरूपता नहीं रहती थी। साथ ही अभिलेख में भूमि स्वामी के प्रचलित नाम दर्ज होने और आधार-कार्ड में वास्तविक नाम दर्ज होने के कारण भिन्नता रहती थी। इसके अलावा नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों में भी क्षेत्रीय कर्मचारियों को परेशानी आती थी। बैंक से ऋण प्राप्त करने, प्रधानमंत्री किसान एवं फसल बीमा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का भी भूमिधारक लाभ नहीं ले पा रहे थे।

तीन स्तरों पर हो रहा शुद्धिकरण

राजस्व मंत्री ने बताया कि अभिलेख शुद्धिकरण के लिये त्रि-स्तरीय त्रुटियों का वर्गीकरण किया गया। राज्य-स्तर पर चिन्हित अशुद्धियों में परिमार्जन, खसरा क्षेत्रफल सुधार-शून्य रकबा, रिक्त भूमि स्वामी, सक्रिय मूल्य एवं बटांक, मिसिंग खसरा, भूमि का प्रकार एवं भूमि स्वामी का प्रकार और अल्फा न्यूमेरिक खसरा सुधार जैसी अशुद्धियों को दूर किया जा रहा है। पखवाड़े के पहले छह दिनों में 32 लाख 31 हजार 909 अशुद्धियों को दूर किया जा चुका है। इसके अलावा जिला-स्तर पर होने वाली अशुद्धियां जैसे फौती नामांतरण, खसरा रकवा एवं अन्य नक्शा संबंधित प्रकरणों का सुधार एवं डायवर्सन डाटा एन्ट्री में लगभग 74 हजार 755 अभिलेखों में सुधार किया जा चुका है। तीसरे तथा अंतिम किसान स्तर पर होने वाली अशुद्धियां, भूमि स्वामी के नाम में सुधार एवं अन्य प्रकार की आने वाली अनेक त्रुटियों को इस पखवाड़े में सुधारा जा चुका है।

पखवाड़े में राजस्व अभिलेख में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों को अभियान के माध्यम से सुधार किया जा रहा है। इसमें राज्य स्तर से चिन्हित अशुद्धियां, जिनकी ग्रामवार परिमाण की रिपोर्ट भूलेख पर उपलब्ध है, उन पर सीधे कार्य प्रारंभ किया गया और जिला-स्तर पर अशुद्धियों को चिन्हित कर उनके सुधार की रूपरेखा तैयार की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अफवाहों पर न दें ध्यान, कोरोना से बचने का टीका ही समाधान।

शासकीय और निजी अस्पतालों को फायर सेफ्टी ऑडिट कराना अनिवार्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कमला नेहरू अस्पताल में हुई दुखद घटना के संबंध में बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कमला नेहरू अस्पताल में घटी घटना आपराधिक लापरवाही है। जिनका दोष है, उन्हें तत्काल हटाकर उन पर कार्रवाई की जाएगी, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री मोहम्मद सुलेमान को घटना की जांच का दायित्व सौंपा गया है। गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जीतेन्द्र शुक्ल, हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. लोकेंद्र दवे और कमला नेहरू अस्पताल के संचालक डॉ. के.के. दुबे को पद से हटाने और सीपीए विद्युत विंग के उप यंत्री श्री अवधेश भदौरिया को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। घटना से संबंधित सभी तथ्य जनता के सामने आने चाहिए। सरकार को इसमें कुछ नहीं छुपाना है। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कमला नेहरू अस्पताल में हुई दुःखद घटना के संबंध में बैठक में दिये।

सेफ्टी ऑडिट के लिये चलाया जायेगा अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि एस.एन.सी.यू. सिक न्यू बॉर्न केयर यूनिट (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में गंभीर रूप से अस्वस्थ बच्चों को रखा जाता है। भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो, इसके लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि शासकीय तथा निजी अस्पतालों को बाध्य किया जाए कि वे समय-सीमा में फायर और इलेक्ट्रिक सेफ्टी ऑडिट कराएं। सभी जिला कलेक्टर अगले 10 दिन में अपने जिलों के सभी शासकीय तथा निजी अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों के फायर और इलेक्ट्रिक सेफ्टी तथा अन्य बचाव एवं सुरक्षा के इंतजाम की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि निश्चित समयावधि में आवश्यक रूप से फायर और इलेक्ट्रिक ऑडिट कराते रहें।

अस्पतालों में प्रबंधन और रखरखाव के लिये बनेगा अलग कैडर

श्री चौहान ने कहा कि शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर पूर्णतः उपचार पर ध्यान दें, इसलिए प्रबंधन और उपचार की व्यवस्था को पृथक किया जाएगा। अस्पतालों के प्रबंधन और रख-रखाव के लिए पृथक कैडर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों के सिविल वर्क, विद्युत व्यवस्था, उपकरणों के संधारण आदि के प्रबंधन में एजेंसियों का दोहराव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

श्री चौहान ने कहा कि विशेषज्ञों के साथ मिलकर यह निर्धारित किया जाएगा कि किन-किन प्रावधानों को स्वास्थ्य संस्थाओं में लागू किया जाए, जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। कई स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑक्सीजन की लाइन डाली गई है। अस्पतालों में हुए इस उन्नयन को दृष्टिगत रखते हुए सेफ्टी के प्रावधानों को सुनिश्चित किया जाएगा। जिन स्वास्थ्य संस्थानों में ऑक्सीजन की व्यवस्था है, वहां ऑक्सीजन संचालन को लेकर स्टाफ को विशेष रूप से जागरूक कर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चिकित्सा शिक्षा विभाग का स्वयं का सिविल विंग होगा, जो मेडिकल कॉलेज तथा उससे संबंधित अस्पतालों के रख-रखाव का कार्य करेगा। कमला नेहरू अस्पताल में रख-रखाव का कार्य सीपीए के पास था। यह कार्य सीपीए से वापस लेकर पी.डब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है। यह अस्थाई व्यवस्था है। यह व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग के स्वयं के सिविल विंग स्थापित होने तक जारी रहेगी।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने घटना की स्थिति से कराया अवगत

श्री चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने घटना के संबंध में मीडिया से चर्चा की। गांधी मेडिकल कॉलेज की पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव ने कमला नेहरू अस्पताल के पीडियाट्रिक वार्ड में हुई घटना तथा ट्रीटमेंट की वस्तुस्थिति पर मीडिया को वक्तव्य दिया।

मध्यप्रदेश में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रबी 2021-22 के लिए प्रदेश में उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा करते हुये कहा है कि प्रदेश में यूरिया, डी.ए.पी., एन.पी.के. और सिंगल सुपर फास्फेट की पर्याप्त उपलब्धता है। भारत सरकार द्वारा भी लगातार रैक भेजे जा रहे हैं। सभी किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में पेक्स तथा प्रायवेट रिटेलर पाइंट्स अधिक से अधिक संख्या में चालू रहें। रिटेलर पाइंट्स पर गत वर्ष के विक्रय के अनुसार प्रतिमाह खाद पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। सोसायटियों के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराएं, जिससे मार्कफेड के डबल लॉक पर अधिक भीड़ न लगे। सभी विक्रय पी.ओ.एस. के माध्यम से हों।

गैर कृषकों को खाद नहीं बेची जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि गैर कृषकों को खाद नहीं बेची जाए और कालाबाजारी पर नियंत्रण आवश्यक है। कालाबाजारी जैसी गतिविधि में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति पर कठोरतम कार्यवाही करते हुए रासुका लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एन.पी.के. और एस.एस.पी को बढ़ावा देना आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से इससे संबंधित जानकारियों का प्रचार-प्रसार किसानों में किया जाए। इसके लिए स्थानीय स्तर पर सक्रिय किसानों के वॉट्सएप ग्रुप तथा अन्य सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उपयोग भी किया जाना चाहिए।

प्रदेश को पर्याप्त उर्वरक के रैक प्राप्त हो रहे हैं

श्री चौहान ने दमोह, छतरपुर, गुना, बीना में खाद के वितरण को लेकर हुई अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम केंद्र के निरंतर सम्पर्क में हैं।

कलेक्टर प्रत्येक स्तर पर किसानों से जीवंत संवाद में रहें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला कलेक्टर प्रत्येक स्तर पर किसानों से जीवंत संवाद में रहें और उन्हें आश्वस्त करें कि खाद की कमी की स्थिति नहीं है। आवश्यकता के अनुसार सभी को खाद उपलब्ध होगी। श्री चौहान ने सागर, शिवपुरी और आगर-मालवा के कलेक्टरों से भी उर्वरक की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। बैठक में जानकारी दी गई कि नवम्बर माह की औसत आवश्यकता के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी उपलब्ध करा दी गई है। अक्टूबर 2021 में अक्टूबर 2020 की तुलना में एनपीके और एसएसपी का अधिक विक्रय हुआ है।

मुक्त विश्वविद्यालय की एडमिशन प्रक्रिया को बनाया जायेगा सरल

भोपाल, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा पद्धति से संचालित प्रदेश का एकमात्र शासकीय विश्वविद्यालय है। इसमें अपेक्षानुसार प्रवेश बढ़ाने के लिये एडमिशन प्रक्रिया को और सरल बनाने की आवश्यकता है। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित भोज मुक्त विश्वविद्यालय की जीईआर बढ़ाने पर चर्चा के दौरान कहीं।

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति से संचालित की जा रही भोज विश्वविद्यालय की जानकारी ग्रामीण स्तर पर भी हो, इसके लिये प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा 580 अध्ययन केंद्रों को बढ़ाकर एक हजार किया जाए। इसके लिये अभियान चलायें। डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास करें।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सभी 52 जिलों में उच्च शिक्षा विभाग के प्लेसमेंट अधिकारी मुक्त विश्वविद्यालय के लिये नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। वे जिला और पंचायत स्तर पर बैठक कर मुक्त विश्वविद्यालय के सकारात्मक पहलू और इसके फायदे के बारे में जानकारी देंगे।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मध्यप्रदेश में 11 नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने की स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश में 11 नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने का अनुमोदन किया गया। इनमें शासकीय महाविद्यालय उदयनगर जिला देवास, शासकीय महाविद्यालय रैगांव जिला सतना, शासकीय महाविद्यालय घुवारा जिला छतरपुर, शासकीय महाविद्यालय पिछोर जिला ग्वालियर, शासकीय महाविद्यालय जैसीनगर जिला सागर, शासकीय महाविद्यालय गोरमी जिला भिण्ड, शासकीय महाविद्यालय रजौधा जिला मुरैना, शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर जिला अनूपपुर, शासकीय महाविद्यालय दिमनी जिला मुरैना, शासकीय महाविद्यालय रिठौराकलां जिला मुरैना और शासकीय महाविद्यालय दिनारा जिला मुरैना सम्मिलित है। पूर्व से संचालित पांच शासकीय महाविद्यालय में नवीन विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय प्रारंभ करने और एक शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर तीन नवीन विषय प्रारंभ करने के लिए 233 शैक्षणिक एवं 228 अशैक्षणिक, इस प्रकार कुल 461 पद सृजन करने की स्वीकृति दी गयी। इसके लिए आवर्ती व्यय भार 24 करोड़ 60 लाख रुपये प्रतिवर्ष एवं अनावर्ती व्यय 5 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने जिला खण्डवा में नवीन तहसील किल्लौद, जिला टीकमगढ़ में नवीन तहसील दिगौड़ा, जिला खण्डवा में नवीन तहसील मुंदी और जिला बुरहानपुर में नवीन तहसील धूलकोट के गठन का अनुसमर्थन किया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा नीमच नगर में नगर पालिका स्वामित्व के मद्द नसीराबाद रोड पर कनावटी के समीप खेत न. 6, 6ए, 6बी, 29, 40, 44, 24, 30, की रिक्त 97452 वर्गमीटर भूमि बिना प्रीमियम तथा वार्षिक भू-भाटक एक रुपये लेकर दी गई शर्तों के अधीन एवं उक्त भूमि के उपयोग को आवासीय से 'सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक' में उपांतरित किये जाने की शर्त पर चिकित्सा शिक्षा विभाग को मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए आवंटित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।
- मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश अनुसार 'छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा' का नाम 'राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा' किये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद द्वारा मान्य किया गया।
- अध्यादेश को आगामी विधानसभा-सत्र में विधेयक के रूप में पारित कराने के लिए उच्च शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा भोपाल स्थित क्षय चिकित्सालय का उन्नयन रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पिरेटरी डिसीज में किये जाने के लिये नवीन पदों के सृजन हेतु क्षय चिकित्सालय में पूर्व से स्वीकृत 227 पदों में से 113 पदों को समर्पित करते हुए रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पिरेटरी डिसीज, भोपाल के लिये आवश्यक 252 पदों की पूर्ति के लिए 138 नवीन पदों के साथ कम्प्यूटर ऑपरेटर्स के 9 पद कलेक्टर दर पर सृजन किये जाने एवं साफ-सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के लिये स्वीकृत एवं अनुबंधित एजेन्सी से कराये जाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- क्षय चिकित्सालय, भोपाल को चिकित्सा शिक्षा विभाग को अंतरित किये जाने पर चिकित्सा सुविधाएं एवं शिक्षण कार्य एन.एम.सी. के मापदंडों के अनुरूप प्रारम्भ करने, टी.बी. की बीमारी के साथ सांस एवं फेफड़े से संबंधित बीमारी, फेफड़े के कैंसर की उच्च स्तरीय जांच एवं सर्जरी तथा रेस्पिरेटरी, आई.सी.यू. एवं थोरेन्सिक सर्जरी जैसी विधाओं की स्थापना किये जाने के उद्देश्य से चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा क्षय चिकित्सालय का उन्नयन रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पिरेटरी डिसीज के रूप में किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- रीजनल इंस्टीट्यूट के लिये नवीन पद निर्माण किये जाने से चिकित्सा महाविद्यालय में वर्तमान में उपलब्ध स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की 3 सीटों से 12 से 15 सीटों में वृद्धि की जा सकेगी।
- सर्जरी विभाग के भी पद निर्मित होने से 3 से 4 स्नातकोत्तर सीटों की वृद्धि होगी। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अतिरिक्त सीट प्राप्त होने से भविष्य में इस बीमारी के इलाज से संबंधित अधिक संख्या में चिकित्सक उपलब्ध हो सकेंगे।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में पंजीकृत पवन ऊर्जा परियोजनाओं एवं नवीन परियोजनाओं के विकास के लिये निर्णय लिया है कि वर्तमान में 750 मेगावॉट क्षमता की विंड-सोलर हायब्रिड परियोजनाओं की स्थापना के लिए 2.78 रुपये प्रति यूनिट सीलिंग टैरिफ रखते हुए, विड आमंत्रित की जाएगी। भविष्य में नवीन एवम नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार आर.पी.ओ. की आपूर्ति के लिए पवन ऊर्जा परियोजनाओं अथवा पवन एवं सौर ऊर्जा हायब्रिड परियोजनाओं के लिए विड आमंत्रित की जाएगी।
- विड प्रोसेस मैनेजमेंट की कार्यवाही विभाग की संस्था 'रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड' द्वारा संपादित की जाएगी। विड में न्यूनतम क्रय दर प्रस्तुत करने वाले विकासक का चयन परियोजना विकास के लिये किया जायेगा। राज्य की संस्था द्वारा पवन ऊर्जा से उत्पादित विद्युत का क्रय मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित नवकरणीय ऊर्जा क्रय आबंधन के अनुसार किया जाता है।
- वित्तीय वर्ष 2025 तक राज्य को आरपीओ की पूर्ति के लिए लगभग 5000 मेगावॉट क्षमता की आवश्यकता के दृष्टिगत 1500 मेगावॉट अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता होगी। इसके लिए प्रदेश में पवन ऊर्जा परियोजनाओं के विकास की महती आवश्यकता है।
- प्रदेश पवन ऊर्जा के क्षेत्र में देश में प्रगतिशील राज्यों में शामिल है। राज्य में वर्ष 2012 में स्थापित कुल क्षमता 314 मेगावॉट से बढ़कर अद्यतन 2444.15 मेगावॉट हो गयी है। इस प्रकार वर्ष 2012 से अद्यतन लगभग 8 गुना वृद्धि अर्जित की गयी है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोरोना में सावधानी हटी, समझो दुर्घटना घटी

राजस्व संकलन में वृद्धि के लिये किये जायें प्रयास - मुख्यमंत्री

भोपाल, राजस्व संकलन से ही प्रदेश में विकास और जन-कल्याण के कार्य संभव होते हैं। अतः राजस्व संकलन में लगे विभागों का प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश की जनता पर बिना अधिक बोझ डाले, राजस्व संकलन में वृद्धि के हरसंभव प्रयास किए जाएं। टैक्स की परिधि का अधिक लोगों तक विस्तार कर हम राजस्व संकलन बढ़ा सकते हैं। खरीदी गई वस्तुओं का बिल लेने की प्रवृत्ति जन-जन में विकसित करना आवश्यक है। जन-सामान्य में यह भावना होनी चाहिए कि बिल लेने से राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होता है, जो विकास और जन-कल्याण के काम आता है। अतः हम बिल लेकर राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वर्ष 2021-22 की राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग की सभी नीलामियां एक दिसम्बर से ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। आवश्यकता होने पर भारत सरकार के संबंधित विभागों से बात कर कार्य को गति प्रदान करें। डिजिटल तकनीक तथा डाटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हुए जी.एस.टी. कलेक्शन को भी राज्य में सुधारा जाए। मुख्यमंत्री ने नई आबकारी नीति तथा हेरीटेज वाईन पॉलिसी जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि नए वाहनों की कम आपूर्ति के परिणामस्वरूप वाहनों की बिक्री कम हुई है, जिससे परिवहन से आने वाले राजस्व में कमी आई है। वाहनों की आपूर्ति बढ़ने के साथ निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम

भोपाल, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 के लिये दिये गये लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों ने इस योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 4 लाख 5 हजार पथ-विक्रेताओं को लाभांवित किया जा चुका है। श्री सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी है।

सचिव आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने की खुशी जाहिर

सचिव आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने ट्वीट किया है कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि मध्यप्रदेश पथ-विक्रेताओं की समृद्धि करने के प्रयास में शुरू से ही अग्रणी रहा है। अब मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने प्रधानमंत्री-स्वनिधि योजना के अंतर्गत 4 लाख 5 हजार पथ-विक्रेताओं को ऋण वितरित करने का कीर्तिमान स्थापित किया है।

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था में विशेष रूप से पथ-विक्रेताओं का बुरा हाल था। इन्हें पुनः अपना रोज़गार स्थापित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 जुलाई 2020 को पीएम-स्वनिधि योजना शुरू की गई थी। इसमें पथ-विक्रेताओं को ब्याज मुक्त 10 हजार रुपये का ऋण दिया जाता है।

कृषि उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ाने के लिए उठाएं ठोस कदम - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित फसलों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ निर्यात को भी बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। अधिक मुनाफा देने वाली फसलों के उत्पादन को विविधीकरण के माध्यम से बढ़ाने के प्रयास हों। किसानों को कृषि एवं उद्यानिकी फसलों में किसी भी प्रकार का नुकसान न हो, इसका ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह निर्देश कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित फसलों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

फसलों के विविधीकरण के लिए चलाएं अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए विविधीकरण द्वारा वैकल्पिक फसलों के लिए किसानों को प्रेरित करें। इसके लिए अभियान चलाकर प्रयास करें और किसानों को प्रशिक्षित भी करें। फसलों के विविधीकरण में किसानों को यदि किसी प्रकार की दिक्कतें आती हैं तो उसका समाधान भी करें। उन्होंने कहा कि कम पानी से पैदा होने वाली फसलों के प्रति किसानों को समझाइश दें।

जैविक खेती एवं डेयरी उत्पादों को बढ़ावा दें

श्री चौहान ने कहा कि जैविक खेती के माध्यम से फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिकाधिक प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि फसलों में गुणवत्ता बनी रहे, जिससे किसानों को अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने डेयरी उत्पाद एवं दूध से बने पदार्थों के निर्यात को बढ़ाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चंदन की खेती के लिए सम्भावनाएं तलाशने और इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धान और गेहूं का उत्पादन बेहतर है। इसी तरह मोटे अनाजों के उत्पादन के रकबे को भी बढ़ाया जाए। उन्होंने मोटे अनाज और कोदो-कुटकी के अधिकाधिक उत्पादन एवं ब्रांडिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वासमती चावल के निर्यात को उच्चतम स्तर तक ले जाएं। बालाघाट के चिन्नोर किस्म के जीआई चावल के निर्यात को बढ़ावा दिया जाए। अगर एवं बम्बू की खेती को प्रोत्साहित किया जाए।

खाद की वितरण व्यवस्था बेहतर हो

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। केंद्र से समय-समय पर खाद की रैक प्रदेश को प्राप्त हो रही है। किसानों को इसका वितरण बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाए। वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

कृषि निर्यात नीति का क्रियान्वयन

प्रदेश में कृषि निर्यात नीति के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन कर लिया गया है। कृषि निर्यात प्रोत्साहन के लिए मंडी बोर्ड को नोडल एजेंसी घोषित किया गया है। कृषि निर्यातक अनाज, दलहन, हरी मिर्च और सब्जियों के रूप में कम्पनियां पंजीकृत कर ली गई हैं। गेहूं, सोयाबीन, कोदो-कुटकी, केला, संतरा, मिर्च लहसुन की कृषि मूल्य श्रृंखला का विश्लेषण कर निर्यात की संभावनाओं का आकलन किया जा रहा है।

एक जनवरी तक एक लाख मछुआ क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं

मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट विभागीय बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, आने वाला एक वर्ष विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें विभाग का हर स्तर पर कायाकल्प किया जाएगा और उपलब्धि के साथ मछुआरों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। कोरोना काल में सभी प्रकार के काम रुक गए थे, विभागीय गतिविधि भी स्थगित थी इससे मछुआरों की आय भी प्रभावित हुई। वर्ष 2022 काम के लिए सही समय है। इसमें मछली पालन और उत्पादन को उच्चतम स्तर पर ले जाना है। क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए सभी अधिकारी प्राथमिकता से काम करें और दिसम्बर, 2021 तक एक लाख मछुआरों के क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं। मार्च 22 तक लक्षित सभी मछुआरों को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। ये बातें जल संसाधन, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भोपाल में विभागीय बैठक में कहीं।

श्री सिलावट ने कहा कि मछुआरों की आय में वृद्धि के लिए जरूरी है कि मछली पालन में नवाचार को अपनाया जाये और नई तकनीक से मछली पालन किया जाए। इसके लिए मछुआरों को प्रशिक्षित किया जाए और मार्केट भी उपलब्ध कराया जाए।

श्री सिलावट ने कहा कि सभी जिले प्रतिस्पर्धा के साथ काम करें और सबसे अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। मार्केट डिमांड के अनुसार मछली उत्पादन किया जाए, जिससे मछुआरों की आय और जीवन स्तर को बेहतर किया जा सके।

मछुआ कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रदेश में मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जाए और इसमें 50 प्रतिशत तक की वृद्धि के लिए कार्य-योजना बनाकर अमल में लाएं।

श्री सिलावट ने मत्स्य विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए अपना सर्वोत्तम देवें। उन्होंने मछुआ क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिए और कहा प्रदेश के सभी जिलों में बैंकों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा जिले के सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि मछुआ समिति को मछुआरे ही संचालित करें।

श्री सिलावट ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को मछुआ समितियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। साथ ही मछुआ क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए मछुआरों के घर-घर सर्वे करने के लिए कहा। उन्होंने कहा सभी मछुआ समितियों के सदस्यों में क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले लाभ के सम्बन्ध में जागरूकता बढ़ाई जाए।

भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े की समय-सीमा बढ़ाई गई

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा एक नवंबर से प्रारंभ किए गए भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े को आगामी 15 दिन तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं।

जनता की सुविधा के लिए प्रारंभ किए गए राजस्व विभाग के नवाचार भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े में राजस्व से जुड़ी विभिन्न त्रुटियों के सुधार को लेकर जनता में बढ़ती रुचि को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके पहले यह अवधि 15 नवम्बर तक निर्धारित थी। अब यह अवधि 30 नवंबर तक बढ़ाई गई है।

33 लाख से ज्यादा अभिलेखों की त्रुटियों का हुआ सुधार

राजस्व मंत्री ने बताया कि भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े में अब तक 33 लाख 6 हजार 664 अभिलेखों में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों को सुधारा जा चुका है। उन्होंने कहा कि त्रुटिपूर्ण अभिलेखों के कारण भूमि-स्वामियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े की शुरुआत की गई। दरअसल, राजस्व अभिलेखों में क्षेत्रीय शब्दों के उपयोग के कारण नामों में एकरूपता नहीं रहती थी। साथ ही अभिलेख में भूमि स्वामी के प्रचलित नाम और आधार-कार्ड में वास्तविक नाम भिन्नता के कारण नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों में भी क्षेत्रीय कर्मचारियों को परेशानी आती थी।

बैंक से ऋण प्राप्त करने, प्रधानमंत्री किसान एवं फसल बीमा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का भी भूमि-धारक लाभ नहीं ले पा रहे थे। इस तरह की परेशानियों से जूझ रही जनता ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अवगत कराया था।

योजनाओं में गति लाने राजस्व अफसरों को निर्देश

राजस्व मंत्री ने भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़ा, ड्रोन सर्वेक्षण तथा मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए न्यायालय परिसर, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय तथा जिला पंचायत कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर में डिस्प्ले बोर्ड/फ्लेक्स लगाए जाएं।

राजस्व मंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि आजादी के बाद पहली बार मध्यप्रदेश में भूमि का कम्प्यूटराइज रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। इन योजनाओं की लगातार मॉनीटरिंग के लिए जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सड़कों से हटेगा अतिक्रमण

श्री राजपूत ने जिले के नगरीय क्षेत्रों से गुजरने वाली मुख्य सड़कों में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आवादी भूमि का सर्वे कर 50 हजार ग्रामों में संपत्तिधारकों को उनका मालिकाना हक दिया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शक्तिकांत दास

आरबीआई गवर्नर का कार्यकाल बढ़ा

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास का कार्यकाल

अगले तीन साल अर्थात दिसंबर 2024 तक के लिये बढ़ा दिया गया है। यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट की नियुक्ति समिति के फैसले पर मंजूरी के आदेश जारी कर दिये गए हैं। इससे पहले शक्तिकांत दास को 11 दिसंबर 2018 को तीन साल की अवधि के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक का 25वां गवर्नर बनाया गया था।

एलन रोस

मेनिंजाइटिस पीड़ितों के लिये उम्मीद की किरण बनीं

सात साल की एलन रोस जब 10 माह की थीं तभी से

मेनिंजाइटिस से पीड़ित हो गई थीं। उनके बचने की 10 प्रतिशत उम्मीद थी। उनके दस ऑपरेशन हुये और दोनों हाथ-पैरों को काटना पड़ा था। कृत्रिम अंगों के साथ रोस अब कुशल तैराक और जिम्नास्ट हैं, उन्होंने मेनिंजाइटिस पीड़ितों के लिये 78 लाख जुटाये हैं। उन्हें प्राइड ऑफ ब्रिटिश अवॉर्ड समारोह में 'चाइल्ड ऑफ करेज' से सम्मानित किया गया।

इंडियन ट्री पाई

टाइगर और मगरमच्छ के मुंह से निकाल लेती है निवाला

राजस्थान में इंडियन ट्री पाई चिड़िया मिली है, जो

टाइगर के मुंह के पास जाकर अपना भोजन ढूंढ लेती है। वहीं टाइगर और मगरमच्छ के दांतों में फंसे आहार को निकालकर डेंटिस्ट का काम भी करती है, इसलिये इस चिड़िया को टाइगर टूथपिस्ट भी बोलते हैं। इस पक्षी का नाम इंडियन ट्री पाई है, जो कि पवित्र धाम मचकुंड की परिक्रमा में अन्य चिड़ियों के साथ नजर आयी है।

'वैक्स'

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का साल 2021 का शब्द बना

ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी (ओईडी) ने वर्ष 2021

के अपने शब्द का खुलासा कर दिया है। ये है कोरोना टीकाकरण से जुड़ा शब्द 'वैक्स' (Vax) जिसका इस्तेमाल पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष 72 गुना अधिक बार हुआ है। डिक्शनरी के मुताबिक 12 महीनों में टीकों से संबंधित शब्दों व वाक्यांशों में डबल वैक्स्ड, अनवैक्स्ड और एंटी-वैक्सर का इस्तेमाल किया गया। वैक्स शब्द पहली बार 1799 में इंग्लिश में दर्ज हुआ था।

थाईलैंड

साठ देशों के लिये अपनी सीमाएं खोलेगा

थाईलैंड सरकार 18 महीने तक कोरोना संबंधी प्रतिबंध लगाये जाने के बाद अब 60 से अधिक देशों के पर्यटकों के लिये अपनी सीमाएं खोल रही है। ब्रिटेन, चीन, जापान, अमेरिका और यूरोप के कई हिस्सों सहित 60 से अधिक ऐसे देशों को शामिल किया गया है, जहां

महामारी का जोखिम कम है। ऐसे देशों में उन पर्यटकों को थाईलैंड में आने की अनुमति दी जायेगी, जिन्होंने टीका लगा रखा है।

लॉरा जे रिचर्डसन

यूनिफाइड कॉम्बेटेंट कमांड की प्रमुख बनीं

जनरल लॉरा जे रिचर्डसन (फोर स्टार जनरल) को

अमेरिकी सेना की चीफ ऑफ द यूनिफाइड कॉम्बेटेंट कमांड नियुक्त किया गया है। इस पद पर नियुक्त होने वाली वे पहली महिला हैं। यह अमेरिका की ज्वाइंट मिलिट्री कमांड है। हर यूनिफाइड कॉम्बेटेंट कमांड का प्रमुख एक जनरल या एडमिरल होता है। अमेरिकी सेना में फिलहाल 11 यूनिफाइड कॉम्बेटेंट कमांड हैं। लॉरा आर्मी पायलट भी रही हैं, उन्होंने सिकोस्की यूएच-60 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर उड़ाये हैं।

नासा

वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में उगाई मिर्च

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस

एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के वैज्ञानिकों ने पहली बार अंतरिक्ष में उगाई गई पहली मिर्च का स्वाद चख लिया है। नासा की एस्ट्रोनॉट मेघन मैकऑर्थर ने सोशल मीडिया पर पहली बार अंतरिक्ष में उगाई गई हरी मिर्च की तस्वीरें पोस्ट कीं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कटाई के बाद में लाल और हरी मिर्च का स्वाद चखने को मिला।

अमेरिकी पासपोर्ट में

एक्स जेंडर का विकल्प होगा

अमेरिका के विदेश विभाग द्वारा अब पासपोर्ट में एक्स

जेंडर का विकल्प शामिल किया जा रहा है। यह उन लोगों के लिये मील का पत्थर है जो इस जेंडर में शामिल हैं और अपने को महिला/पुरुष श्रेणी में शामिल नहीं कर सकते। यह विकल्प आने वाले कुछ महीनों में शुरू हो जायेगा।

जर्मनी

बुक फेयर में तालिबान का विरोध

जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में दुनिया का सबसे बड़ा बुक

फेयर पिछले सप्ताह समाप्त हो गया है। यह 5 दिन तक चला। इसमें कई देशों के स्टॉल लगे थे। लेकिन अफगानिस्तान का स्टॉल चर्चा का विषय बना रहा। दरअसल तालिबानी कब्जे के बाद अफगानियों ने जर्मनी में विरोध प्रकट किया। अफगानों ने स्टॉल पर देश की एक भी किताब नहीं रखी। स्टॉल पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि दुनियाभर को तालिबान का विरोध करना चाहिये।

झांग यिमिंग

टिकटॉक की संचालक बाइटडांस के संस्थापक का चेयरमैन पद से इस्तीफा

शॉर्ट वीडियो एप टिकटॉक चलाने वाली कंपनी

बाइटडांस के संस्थापक झांग यिमिंग ने चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। यिमिंग ने इसी साल मई में कंपनी का सीईओ पद छोड़ा था। उस समय सीईओ बनने वाले लियांग रुबो अब चेयरमैन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। यिमिंग का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब बाइटडांस बड़े पैमाने पर ढांचागत बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रही है।

संजय भट्टाचार्य

स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत नामित

1987 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी

संजय भट्टाचार्य को स्विट्जरलैंड का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। भट्टाचार्य मिस्र, तुर्की के राजदूत रह चुके हैं।

इंडोनेशिया

तेज बारिश और बाढ़ से मची तबाही

इंडोनेशिया के दक्षिणी कालीमंतन में इन दिनों बाढ़

ने तबाही मचाई है। यहां के 13 में से 10 जिले प्रभावित हो गये हैं। करीब 4 करोड़ हेक्टेयर इलाका जलमग्न हो गया है। बाढ़ और भूस्खलन की वजह से 4 लोगों के मारे जाने की जानकारी मिली। यह बढ़ने की संभावना जतायी जा रही है। मौसम विभाग ने प्रभावित इलाकों के रहवासियों को सुरक्षित स्थान पर चले जाने के आदेश दे दिये हैं।

लिनाक्रे कॉलेज का नाम

गुयेन थी फुओंग थाओ के नाम पर होगा

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का लिनाक्रे कॉलेज अपना

नाम बदलने जा रहा है। दरअसल कॉलेज को वियतनाम की सबसे धनी महिला गुयेन थी फुओंग थाओ ने 1580 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। इस दान के बाद थाओ को सम्मानित करने के लिये कॉलेज ने नाम बदलने का प्रस्ताव भेजा है। 1962 में स्थापित इस कॉलेज का नाम अभी चिकित्सा वैज्ञानिक और क्लासिकिस्ट थॉमस लिनाक्रे के नाम पर है। कॉलेज के मुताबिक दान से स्नातक केंद्र और स्नातक छात्रवृत्ति देने में मदद मिलेगी।

गंगोत्री धाम

कपाट हुये बंद

विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व पर

5 नवंबर को विधिवत पूजा अर्जना के बाद शीतकाल के लिये बंद कर दिये गये हैं। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली शीलतकालीन पड़ाव मुखीमठ पहुंची। इसी प्रकार केदारनाथ धाम के कपाट 6 नवंबर को और यमुनोत्री धाम के कपाट भी बंद कर दिये गये। बद्रीनाथ के कपाट 20 नवंबर को बंद होंगे।

पुर्तगाल

संसद भंग, होंगे चुनाव

पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने संसद को

भंग करने और जनवरी में मध्यावधि चुनाव कराने की घोषणा की है। पुर्तगाल में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी की सरकार के आगामी बजट को गत माह के अंत में संसद की ओर से खारिज किये जाने के बाद उत्पन्न राजनीतिक संकट को हल करने के लिए यह घोषणा हुई है।

ब्रिटेन

महात्मा गांधी की याद में 5 पाउंड का सिक्का जारी

ब्रिटिश सरकार ने महात्मा गांधी की याद में 5 पाउंड का एक नया सिक्का जारी किया है। इसे रॉयल मिंट दिवाली

कलेक्शन के तौर पर जारी किया गया है। इसे दीपावली के दिन जारी किया गया है। सिक्के को हिना ग्लोवर ने डिजाइन किया है। सिक्के पर गांधी जी का कथन 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है' भी अंकित है।

स्मृति शेष

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर फिलपोट का निधन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर पीटर फिलपोट

का लंबी बीमारी के बाद 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स के पूर्व कप्तान फिलपोट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 1964-65 में हुई सीरीज के दौरान टेस्ट में पदार्पण किया था।

बॉलीवुड के बुजुर्ग अभिनेता यूसुफ हुसैन का निधन

जाने-माने अभिनेता यूसुफ हुसैन का 73 वर्ष की

उम्र में कोविड से निधन हो गया है। उन्होंने धूम-2, रईस, दबंग-3, ओ माय गॉड और रोड टू संगम जैसी फिल्मों में काम किया था। वे अभिषेक बच्चन के साथ 'बॉब बिस्वास' में काम कर रहे थे। यही उनकी अंतिम फिल्म साबित हुई।

हिरोशिमा हमले से बचने वाले सुनाओ का निधन

हिरोशिमा परमाणु बम हमलों से बचने वाले

और परमाणु हथियारों के खिलाफ प्रचार करने वाले सुनाओ त्सुबोई का 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सुनाओ को परमाणु बम हमले के कारण संपर्क में आये रेडिएशन का सामना करना पड़ा। इसके साइड इफेक्ट की वजह से उन्हें सालों तक कैंसर और अन्य बीमारियों को झेलना पड़ा।

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति रोहताए वू का निधन

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति रोहताए वू

का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे सन 1988 से 1993 तक देश में राष्ट्रपति के पद पर रहे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति चुन-डू-हान की जगह ली थी। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

टीवी सीरीज फ्रेंड्स फेम जेम्स का निधन

अमेरिकन टेलीविजन सीरीज 'फ्रेंड्स' में गंथर

का किरदार निभाने वाले अभिनेता जेम्स माइकल टायलर का कैंसर से निधन हो गया है। वे फ्रेंड्स सीरीज से लोकप्रिय हुये थे। फ्रेंड्स के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर केविन ब्राइट ने कहा कि वे दयालु, परोपकारी और कुशल अभिनेता थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. ग्वालियर (म.प्र.)

दूरभाष - 0751-4008851, Email : apdpiu gwalior@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक : 19/2021/सा./एपीडी/ग्वालियर दिनांक : 25.10.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

के आगे बढ़ने की संभावनाओं के चार प्रमुख कारण उभरकर दिखाई दे रहे हैं। एक, उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना। दो, उद्योग-कारोबार के नियमों का सरलीकरण। तीन, क्वाड्रिलेटरल सिक्युरिटी डॉयलॉग (क्वाड) के कारण अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ नई उद्योग-कारोबार संभावनाएं तथा चार, भारत को वैश्विक औद्योगिक समर्थन। इन विभिन्न कारणों से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोज़गार के मौके बढ़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 11 नवंबर को केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के मद्देनजर पीएलआई योजना के अंतर्गत विभिन्न सेक्टर के लिए 1.46 लाख करोड़ रुपये के इंसेंटिव दिए हैं। जिन क्षेत्रों को पीएलआई के दायरे में लाया गया है उनमें एडवांस कैमेस्ट्री सेल (एसीसी), बैटरी इलेक्ट्रॉनिक एवं तकनीकी उत्पाद, वाहनों और वाहन कलपुर्जा, औषधि, दूरसंचार एवं नेटवर्किंग उत्पाद, कपड़ा, खाद्य उत्पादों, सोलर पीवी मॉड्यूल, एयर कंडीशनर, एलईडी और विशेषीकृत स्टील शामिल हैं। इसके पूर्व मार्च 2020 में पीएलआई स्कीम के तहत सरकार के द्वारा मोबाइल विनिर्माण और विशेषीकृत इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे, फार्मा ड्रग्स एवं एपीआई तथा चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों के लिए 51,311 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन दिए गए थे। इन सभी क्षेत्रों को पांच साल के लिए पीएलआई का लाभ सुनिश्चित किया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि पीएलआई के तहत दोनों प्रोत्साहनों को मिलाकर इस योजना के तहत करीब 2 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन सुनिश्चित किए जा चुके हैं। पीएलआई स्कीम का मकसद देश को वैश्विक सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बनाना, देश में विदेशी निवेश आकर्षित करना, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना, निर्यात बढ़ाना तथा रोज़गार पैदा करना है।

पांच वर्षों में बढ़ेंगे लाखों रोज़गार के मौके

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योग एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्द्धन विभाग और

नीति आयोग द्वारा उत्पादन से सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर आयोजित परिचर्चा में कहा कि पीएलआई योजना से अगले पांच वर्षों में देश में 520 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का उत्पादन होगा। इससे विदेशी निवेश बढ़ेगा, निर्यात बढ़ेंगे और रोज़गार के लाखों नए मौके निर्मित होने की उम्मीद है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार को पीएलआई योजना के अंतर्गत दवा क्षेत्र में अगले 5-6 वर्षों के दौरान 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है। इससे जहां दवा क्षेत्र की बिक्री बढ़कर करीब 3 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी, वहीं दवा निर्यात में भी करीब 2 लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। फार्मेसी सेक्टर की प्रमुख कंपनियां- ल्यूपिन, डॉ. रेड्डीज, सिप्ला और कैडिला हेल्थकेयर आदि पीएलआई योजना के तहत निवेश करने का मंतव्य बता चुकी हैं। पीएलआई स्कीम के तहत सरकार के द्वारा दवाई बनाने के लिए कच्चे माल के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने हेतु विशेष प्रोत्साहन धन राशि भी सुनिश्चित की गई है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोना-काल में फार्मा और मेडिकल सेक्टर की कई वस्तुओं का भारत बड़ा उत्पादक और नया निर्यातक देश बन गया है। भारत दुनिया में पीपीई किट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है, जिसकी दैनिक उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 5 लाख से अधिक है। इसी तरह देश में बहुत कम समय में वेंटिलेटर की स्वदेशी उत्पादन क्षमता बढ़कर 3 लाख प्रति वर्ष हो गई है। देश ने एन-95 मास्क के उत्पादन में भी आत्मनिर्भरता हासिल की है। भारत सर्जिकल मास्क, मेडिकल गॉगल्स और पीपीई किट का बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा है। कोविड-19 की आपदा भारत के लिए मैन्युफैक्चरिंग हब बनने का अवसर लेकर आई है। कोरोना संकट के समय दुनिया में भारत को मददगार देश माना गया है। कोरोना की चुनौतियों के बीच भारत ने दवाई का मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाकर दुनिया के 150 से ज्यादा देशों को दवाइयाँ निर्यात की हैं।

निःसंदेह सरकार उद्योग-कारोबार की जटिलताएं कम करने के लिए लगातार आगे बढ़ रही है। साथ ही सरकार इस वर्ष 2021 में केंद्र और राज्य स्तर के कई कारोबारी नियमों (अनुपालन) को कम किए जाने की रणनीति पर आगे बढ़ी है। उल्लेखनीय है कि क्वाड राष्ट्र प्रमुखों ने एक नई ताकत के उदय का शंखनाद किया है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि क्वाड भारत के उद्योग-कारोबार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस मीटिंग में जो बाइडेन ने भारत को वैक्सीन निर्माण का बड़ा केंद्र बनाने का ऐलान किया है। इससे भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने को बड़ा आधार मिलेगा।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोज़गार और स्वरोज़गार के मौके

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत विभिन्न सरकारी और निजी क्षेत्र के उद्योगों में रोज़गार और स्वरोज़गार के मौके तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। खासतौर से मोबाइल विनिर्माण और विशेषीकृत इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे, फार्मा ड्रग्स एवं एपीआई तथा चिकित्सा उपकरण, टेक्सटाइल इंडस्ट्री, फूड प्रोसेस इंडस्ट्री, सीमेंट इंडस्ट्री, आईटी इंडस्ट्री एडवांस केमिकल सेल बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक एंड टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स, ऑटोमोबाइल और ऑटो कॉम्पोनेंट्स, फार्मास्यूटिकल ड्रग्स, टेलीकॉम एंड नेटवर्किंग प्रोडक्ट, टेक्सटाइल उत्पादन, फूड प्रोडक्ट्स, सोलर पीवी माड्यूल, व्हाइट गुड्स, स्टील के क्षेत्रों में कॅरियर के मौके विभिन्न विशेषज्ञता के साथ दिखाई दे रहे हैं। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, मैकेनिकल डिज़ाइन इंजीनियर, मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, डिज़ाइन इंजीनियर, प्रोडक्शन इंजीनियर, इलेक्ट्रिक इंजीनियर, प्रोजेक्ट इंजीनियर, क्वालिटी अश्योरेंस/ क्वालिटी कंट्रोल इंजीनियर, मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, मटेरियल्स इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर के अलावा अकाउंटिंग, कॉमर्स, मार्केटिंग व प्रबंध से संबंधी पदों के लिए कॅरियर के अच्छे मौके हैं। इनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट, एचआर मैनेजर, फाइनेंस मैनेजर, ऑपरेशन्स मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रोडक्शन मैनेजर, मार्केटिंग मैनेजर, पर्चेजिंग मैनेजर, अकाउंटेंट, एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट आदि पदों पर मौके शामिल हैं।

चालू वित्त वर्ष 2021-22 का बजट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोज़गार बढ़ाएगा

चालू वित्त वर्ष 2021-22 के बजट के तहत स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित

करने के लिए भी लाभप्रद प्रोत्साहन दिए गए हैं। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को देश की जनता ने हाथों-हाथ लिया है। निर्माताओं तथा उद्योग जगत के द्वारा भी विश्वस्तरीय उत्पाद बनाना सुनिश्चित किया गया है। इससे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम आगे बढ़े हैं। देश के लोग अब भारत में ही बने उत्पादों की मांग कर रहे हैं और यहां तक कि दुकानदार भी भारत में बने उत्पादों को बेचने पर जोर दे रहे हैं। ऐसे में विभिन्न क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाकर जहां विभिन्न उत्पादों के निर्यात बढ़ाए जा सकते हैं, वहीं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अन्य देशों को टक्कर भी दी जा सकती है।

विनिर्माण, निवेश और निर्यात के मौके भारत की ओर आते हुए दिखाई दे रहे हैं, अतएव चालू वर्ष बजट 2021-22 में उपयुक्त प्रावधानों और व्यवस्थाओं से बड़ी संख्या में इन मौकों को मुट्ठियों में करने के लिए रणनीति सुनिश्चित की गई है। भारत दवा निर्माण, रसायन निर्माण और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में सबसे तेजी से उभरता हुआ देश है। भारतीय फार्मा उद्योग पूरी दुनिया में अहमियत रखता है। भारत अकेला एक ऐसा देश है, जिसके पास यूएसएफडीए के मानकों के अनुरूप अमेरिका से बाहर सबसे अधिक संख्या में दवा बनाने के प्लांट हैं। भारत की श्रमशक्ति का एक सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत में श्रम लागत अन्य देशों की तुलना में सस्ती है। भारत के पास तकनीकी और पेशेवर प्रतिभाओं की भी कमी नहीं है। भारत के पास पैंतीस साल से कम उम्र की दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या है। ये सब विशेषताएं भारत को निवेश और कारोबार के मद्देनजर दूसरे देशों की तुलना में अधिक उपयुक्त और अधिक आकर्षक बनाते हुए दिखाई दे रही हैं। देश के उद्यमियों का मानना है कि भारत के लिए मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के जो अवसर हैं, उन्हें वर्ष 2021-22 के बजट से गति मिलेगी और रोज़गार के मौके बढ़ेंगे।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कॅरियर के लिए शैक्षणिक जरूरतें

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत कॅरियर के लिए 12वीं में पीसीएम स्ट्रीम लाभप्रद होता है। इसके साथ ही अन्य स्ट्रीम में भी संभावनाएं बनी रहती हैं। लेकिन इंजीनियरिंग, और टेक्नोलॉजी की विभिन्न ब्रांचों में से रुचि, क्षमता व योग्यता के अनुरूप किसी उपयुक्त ब्रांच को लेकर अच्छा कॅरियर बनाया जा सकता है। खासतौर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, बायोमैकेनिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चरल इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स इंजीनियरिंग, मैक्रोइलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, आईटी, मैटेरियल्स साइंस इंजीनियरिंग, सस्टेनेबिलिटी डिजाइन, एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, पेपर इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल इंजीनियरिंग, सिस्टम इंजीनियरिंग, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग आदि क्षेत्र में डिग्री के बाद कॅरियर की अच्छी संभावनाओं के द्वार पर पहुँच सकते हैं।

नई श्रम संहिताओं से रोज़गार सृजन में मिलेगी मदद

यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2021 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने के लिए श्रम सुधार और श्रम कानूनों को लागू किए जाने से कॅरियर के मौके बढ़ेंगे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार विभिन्न श्रम कानूनों को जिस तरह चार श्रम संहिताओं

में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है। उससे भी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को आगे बढ़ने में मदद मिलते हुए दिखाई दे रही हैं। सरकार ने इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020, कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी, 2020 और वेतन संहिता कोड 2019 के तहत जहां एक ओर मजदूरी सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का दायरा काफी बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर श्रम कानूनों की सख्ती कम करने और अनुपालन की जरूरतों को कम करने जैसी व्यवस्थाओं से उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहन मिलेंगे। इससे रोज़गार सृजन में भी मदद मिलेगी।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कॅरियर की जरूरी स्किल्स

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट में इंजीनियरिंग अभिरुचि

सबसे पहली जरूरत है। किसी वस्तु का आविष्कार करने, उसका डिजाइन बनाने या मशीन टेस्ट करके अलग-अलग प्रयोग करके कुछ नया बनाने की रुचि लाभप्रद होती है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अच्छे कॅरियर के लिए अपने काम में एकाग्रचित्तता सतत परिश्रम और अंग्रेजी में दक्षता भी लाभप्रद है।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के कोर्स एवं संस्थान

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित विभिन्न इंजीनियरिंग के डिग्री कोर्स देश के आईआईटी, एनआईटी तथा देश के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में उपलब्ध हैं। विभिन्न इंजीनियरिंग ब्रांचों के डिप्लोमा कोर्स देश के विभिन्न पॉलिटेक्निक कॉलेजों और आईटीआई में उपलब्ध हैं। जिस मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने का लक्ष्य रखा जाए, उसके अनुरूप उपयुक्त डिग्री और उपयुक्त शैक्षणिक संस्थान का चयन करके कॅरियर की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)

1. My brother is ..... scientist.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

2. There is ..... farmer in the field.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. My peon is ..... idiot man.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

4. I enjoyed ..... novel you gave me.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

5. This is ..... highest salary paid job in India.
(a) a (b) an
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)

6. Seema applied ..... the post of teacher.
(a) at (b) to
(c) in (d) for

7. He searched the whole house ..... the lost keys.
(a) to (b) by
(c) in (d) for

8. Raja Anand is ..... the Air Force.
(a) with (b) into
(c) in (d) for

9. I have not read this novel ..... .
(a) of (b) after
(c) before (d) with

10. I prefer novel ..... drama.
(a) with (b) at
(c) for (d) to

11. Professor Nikam taught us History ..... two years.
(a) of (b) in
(c) to (d) for

12. The clerk is busy ..... his work.
(a) into (b) for
(c) on (d) at

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)

13. When I opened my eyes, I ..... a black snake before me.
(a) seen (b) had saw
(c) saw (d) have seen

14. Sachin ..... with her grandparents.
(a) is living
(b) has lived
(c) lives
(d) had been living

15. I ..... the office tomorrow.
(a) will have visit
(b) shall visit
(c) visit
(d) have visited

16. He ..... travel tickets for Nainital yesterday.
(a) was booking
(b) had booked
(c) has booked
(d) booked

17. He ..... coffee now.
(a) was drinking
(b) is drinking
(c) has been drinking
(d) drinks

18. I ..... this film several times.
(a) watched
(b) have watched
(c) had watched
(d) am watching

Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)

19. Raja bought a Honda Activa.
(a) A Honda Activa bought by Raja.
(b) A Honda Activa had been bought by Raja.
(c) A Honda Activa was bought by Raja.
(d) A Honda Activa bought Raja.

20. Rajani can file a case in public interest.
(a) In public interest, Rajani can file a case.
(b) Public interest case can be filed by Rajani.
(c) A case in public interest can be filed by Rajani.
(d) A case in public interest can filed by Rajani.

21. Has he been phoned by her?
(a) Had she phoned him?
(b) Has she phoned him?
(c) Have I phoned him?
(d) Has he phoned her?

22. I have told her many times.
(a) She was told many times.
(b) She has been told many times (by me).
(c) Many times I told her to be alert.
(d) She had been told many times (by me).

23. Pull the chain.
(a) Let the chain pulled.
(b) Let the chain be pulled.
(c) Let be chain pulled.
(d) You must pull the chain.

24. You are requested to save money for future.
(a) Let you save money for future.
(b) Let us save money for future.
(c) Please save money for future.
(d) Let the money be saved for future by you.

25. Drivers face this problem.
(a) This problem has been faced by drivers.
(b) This problem was faced by drivers.
(c) This problem faced by drivers.
(d) This problem is faced by drivers.

Idioms and phrases. (Question Nos. 26 to 30)

26. A bed of roses.
(a) Favouring someone in disguise.
(b) To consider someone worth.
(c) Quite comfortable
(d) Obstacle in work.

27. Bolt from the blue.
(a) A pleasant surprise of success.
(b) A great shock.
(c) Good and bad situation.
(d) Happily break the relation.

28. Fool's paradise.
(a) Enjoy in hell.
(b) Enjoy in heaven.
(c) Foolish hope.
(d) Hope for the best.

29. Burn the midnight oil.
(a) To spoil the oil at midnight.
(b) To stay up working/ studying.
(c) To stop working / studying at midnight.
(d) To stop working before midnight.

30. Pell-mell
(a) In confusion
(b) In hope
(c) In need of something
(d) Destroy completely

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)

31. Calm
(a) Cool (b) Tranquil
(c) Troubled (d) Serene

32. Cope
(a) Survive (b) Crumble
(c) Handle (d) Manage

33. Notice
(a) Detect (b) Ignore
(c) Discern (d) Behold

34. Mad
(a) Sane (b) Arid
(c) Irrational (d) Barmy

35. Offer
(a) Bid (b) Propose
(c) Accept (d) Refuse

Synonym (Question Nos. 36 to 40)

36. Concrete
(a) Weaken
(b) Insubstantial
(c) Wane (d) Tangible

37. Vicious
(a) Docile (b) Lush
(c) Provoke (d) Malicious

38. Unkind
(a) Overdue
(b) Benevolent
(c) Mean (d) Extol

39. Mandatory
(a) Optional (b) Elective
(c) Imperative (d) Possible

40. Weary
(a) Deviation (b) Excited
(c) Agitated (d) Tired

One word substitutions. (Question Nos. 41 to 45)

41. The study of ancient writing and scriptures.
(a) Alchemy
(b) Philology
(c) Demography
(d) Paleography

42. The one who looks at the brighter side of everything.
(a) Atheist (b) Optimist
(c) Pessimist (d) Dunce

43. Ethically good behaviour one has.
(a) Arbitrator (b) Vice
(c) Virtue (d) Apostate

44. The government that has monarch as the head.
(a) Monarchy
(b) Monopoly
(c) Mobocracy
(d) Democracy

45. A person who eats too much.
(a) Greedy (b) Hungry
(c) Glutton (d) Starving

Answers

1. a, 2. b, 3. b, 4. c, 5. c, 6. d, 7. d, 8. c, 9. c, 10. d, 11. d, 12. d, 13. c, 14. c, 15. b, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. c, 27. b, 28. c, 29. b, 30. a, 31. c, 32. b, 33. b, 34. a, 35. d, 36. d, 37. d, 38. c, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. a, 45. c.

- **Prafulkumar Prakash Vaidhya**
(Assistant Professor in English Sardar Patel Mahavidyalaya, Chandrapur)

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. यूसेन बोल्ट के नाम कितने सेकेंड में 100 मीटर रेस पूरी करने का रिकॉर्ड है?
(अ) 9.58 सेकेंड
(ब) 9.68 सेकेंड
(स) 9.70 सेकेंड
(द) 9.98 सेकेंड

2. वर्ष 2021 में लंदन मैराथन में महिला वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?
(अ) ब्रिगिड कोसगेई
(ब) जोयसिलिन जेपकोसगेई
(स) जुआन मैली
(द) एशेटे वेकेरे

3. इस वर्ष रशियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस किस खिलाड़ी ने जीती है?
(अ) लैंडो नॉरिस
(ब) मैक्स वर्स्टापेन
(स) लुईस हैमिल्टन
(द) इनमें से कोई नहीं

4. अवनी लखेरा ने टोक्यो पैरालिंपिक में किस खेल में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) बैडमिंटन (ब) तैराकी
(स) एथेलेटिक्स (द) निशानेवाजी

5. वर्ष 2009 में किस देश ने आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) श्रीलंका (ब) पाकिस्तान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) इंग्लैंड

6. विक्टर एक्सेलसन किस देश के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी हैं?
(अ) डेनमार्क (ब) आयरलैंड
(स) कोलंबिया (द) जर्मनी

7. इनमें से किस वर्ष इटली ने फीफा वर्ल्डकप नहीं जीता है?
(अ) वर्ष 1934 (ब) वर्ष 1982
(स) वर्ष 1990 (द) वर्ष 2006

8. वर्ष 2017 में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?
(अ) रूस (ब) अजरबेजान
(स) सर्विया (द) जर्मनी

9. श्रीलंकन क्रिकेटर महेला जयवर्धने ने टेस्ट क्रिकेट में कितने शतक बनाए हैं?
(अ) 24 (ब) 29
(स) 34 (द) 36

10. सोमदेव देववर्मन किस खेल के दिग्गज खिलाड़ी रह चुके हैं?
(अ) हॉकी (ब) मुक्केबाजी
(स) बैडमिंटन (द) टेनिस

11. टोक्यो ओलिंपिक में तैराकी में महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल रेस की विजेता बनी हैं?
(अ) एमा मैक्कोन
(ब) केटी लेडेकी
(स) एरिएम टिटमस
(द) एरिका सुलिवान

12. वर्ष 2018 में डेविस कप का खिताब किस देश ने जीता था?
(अ) अमेरिका (ब) क्रोएशिया
(स) स्विट्जरलैंड (द) ब्रिटेन

13. वर्ष 2002 में कॉमनवेल्थ गेम्स किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) मैनचेस्टर (ब) सिडनी
(स) क्वालालंपुर (द) ऑकलैंड

14. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी किस खेल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?
(अ) हॉकी (ब) क्रिकेट
(स) कबड्डी (द) फुटबॉल

15. वर्ष 2021 में पीजीए गोल्फ चैम्पियनशिप किस खिलाड़ी ने जीती थी?
(अ) ब्रूक्स कोएपका
(ब) कॉलिन मोरिकावा
(स) फिल मिकेलसन
(द) जस्टिन थॉमस

16. वर्ष 2016 में आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था?
(अ) बांग्लादेश (ब) वेस्टइंडीज
(स) न्यूजीलैंड (द) श्रीलंका

17. कैरोलिना मारिन में किस वर्ष ओलिंपिक में बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) वर्ष 2008 (ब) वर्ष 2012
(स) वर्ष 2016 (द) वर्ष 2021

18. अमित पंघल ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कौन सा पदक जीता था?
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

19. हाल ही में किस श्रीलंकन गेंदबाज ने टी-20 वर्ल्डकप में हैट्रिक ली है?
(अ) अकिला धनंजय
(ब) दासुन शनाका
(स) वानिंदु हसरंगा
(द) चमिका करुणारत्ने

20. कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू ने किस वर्ष यूएस ओपन में महिला एकल का खिताब जीता था?
(अ) वर्ष 2018
(ब) वर्ष 2019
(स) वर्ष 2021
(द) इनमें से कोई नहीं

21. किस खिलाड़ी के नाम वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड है?
(अ) रोहित शर्मा
(ब) डेविड वॉर्नर
(स) क्रिस गेल
(द) एबी डिविलियर्स

22. क्यू टर्म किस खेल से संबंधित एक शब्दावली है?
(अ) बिलियड्र्स
(ब) टेनिस
(स) टेबल टेनिस
(द) शतरंज

23. वर्ष 2022 में फीफा पुरुष वर्ल्डकप किस देश में खेला जायेगा?
(अ) मैक्सिको (ब) कतर
(स) अर्जेंटीना (द) लेबनान

24. ओलिंपिक खेलों में पाकिस्तान ने कितनी बार हॉकी का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) पांच बार

25. टोक्यो ओलिंपिक में वॉटर पोलो में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता है?
(अ) सर्विया (ब) स्पेन
(स) हंगरी (द) अमेरिका

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (ब), 6. (अ), 7. (स), 8. (द), 9. (स), 10. (द), 11. (अ), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (स), 16. (अ), 17. (स), 18. (ब), 19. (स), 20. (ब), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (अ)।

- **पुष्पेंद्र कुमार सविता**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

मारिन सिलिक ने जीता सेंट पीटर्सबर्ग ओपन का खिताब

सेंट पीटर्सबर्ग, क्रोएशिया के टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक ने सेंट पीटर्सबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। सिलिक ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को कड़े मुकाबले में 7-6, 4-6, 6-4 से हराया। यह उनका सेंट पीटर्सबर्ग में दूसरा खिताब है। सिलिक ने वर्ष 2011 में भी सेंट पीटर्सबर्ग ओपन का खिताब जीता है। सिलिक रूस में अब तक चार खिताब जीत चुके हैं। वे वर्ष 2014 और 2015 में मॉस्को ओपन भी जीत चुके हैं। मारिन सिलिक अब तक 20 एटीपी खिताब जीत चुके हैं। सिलिक टोक्यो ओलिंपिक में इवान डोडिग के साथ मिलकर पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीत चुके हैं।

महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप हुई स्थगित

इस्तांबुल, तुर्की में अगले माह आयोजित होने वाली महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप स्थगित हो गई है। विश्व मुक्केबाजी महासंघ ने टूर्नामेंट स्थगित होने की जानकारी देते हुये बताया कि तुर्की में कोरोना की स्थिति गंभीर है, ऐसे में प्रतियोगिता के आयोजन का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण कोई भी देश तुर्की में खिलाड़ी भेजने को तैयार नहीं हैं। अब यह चैंपियनशिप मार्च 2022 के बाद आयोजित की जायेगी।

वर्स्टापेन ने मैक्सिको सिटी ग्रांप्री में दर्ज की जीत

मैक्सिको, नीदरलैंड्स के दिग्गज फॉर्मूला-वन रेसर मैक्स वर्स्टापेन का फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। वर्स्टापेन ने अपने जीत के सिलसिले को बरकरार रखते हुये मैक्सिको सिटी ग्रांप्री पर कब्जा जमाया है। वर्स्टापेन ने 71 लैप की इस रेस को एक घंटा 38 मिनट 39.086 सेकेंड में पूरी की। रेस में मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन दूसरे, सर्जियो पेरेज तीसरे, पियरे गेस्ली चौथे तथा चार्ल्स लेकलर्क पांचवें स्थान पर रहे।

वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

अबुधाबी, वेस्टइंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। ब्रावो ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला। ब्रावो ने विश्वकप के दौरान ही कह दिया था कि इस विश्वकप में वेस्टइंडीज का आखिरी मैच उनके करियर का भी आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। हालांकि वे फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे। ड्वेन ब्रावो ने वेस्टइंडीज के लिये 40 टेस्ट मैचों में 2200 रन और 86 विकेट लिये हैं। 164 वन-डे मैचों में 2968 रन और 199 विकेट तथा 91 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 1255 रन तथा 78 विकेट लिये हैं।

राहुल द्रविड़ बने भारतीय क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ को भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। द्रविड़ मुख्य कोच रवि शास्त्री की जगह लेंगे। रवि शास्त्री का कार्यकाल आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप से भारतीय टीम के बाहर होने के साथ ही समाप्त हो गया है। बीसीसीआई ने ट्वीट कर द्रविड़ की नियुक्ति की जानकारी दी।

इसी महीने से शुरू होगा कार्यकाल

बीसीसीआई ने विश्वकप के दौरान ही नये मुख्य कोच के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। रवि शास्त्री के साथ उनके सपोर्ट स्टाफ का कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। बीसीसीआई ने अभी सिर्फ मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ की नियुक्ति की है। द्रविड़ के सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति कुछ दिनों में हो जायेगी। द्रविड़ का कार्यकाल न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी महीने शुरू होने वाली ट्वेंटी-20 और टेस्ट सीरीज से शुरू हो जायेगा। द्रविड़ अभी बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के हेड हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि बीसीसीआई यह जिम्मेदारी पूर्व क्रिकेटर वी.वी.एस. लक्ष्मण को सौंप सकती है।

भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाये जाने के बाद राहुल द्रविड़ ने बयान जारी किया। द्रविड़ ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि टीम इंडिया का कोच बनना बेहद सम्मान और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि रवि शास्त्री के मार्गदर्शन में टीम ने बेहतरीन काम किया है, जिसे मैं आगे ले जाने की कोशिश करूंगा। द्रविड़ ने कहा कि अगले साल ऑस्ट्रेलिया में ट्वेंटी-20 विश्वकप और वर्ष 2023 में भारत में वन-डे विश्वकप खेला जाना है, जिसके लिये अभी से तैयारी करनी होगी।

बीसीसीआई के अध्यक्ष और द्रविड़ के टीम साथी रहे सौरव गांगुली ने द्रविड़ की नियुक्ति पर कहा कि बतौर खिलाड़ी द्रविड़ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। द्रविड़ ने एनसीए हेड के तौर पर भी शानदार काम किया है। द्रविड़ ने युवा खिलाड़ियों को निखारा है, उम्मीद है कि वे भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।

बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं द्रविड़

भारतीय क्रिकेट में 'दीवार' नाम से लोकप्रिय राहुल द्रविड़ का क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। द्रविड़ ने भारत के लिये 164 टेस्ट मैचों में 13,288 रन बनाये हैं। इमें 36 शतक और 63 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं 344 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में द्रविड़ ने 12 शतक और 83 अर्धशतकों के साथ 10,889 रन बनाये हैं। द्रविड़ ने 25 टेस्ट मैचों और 79 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारतीय टीम की कमान भी संभाली है।

- **राहुल द्रविड़ का बतौर मुख्य कोच कार्यकाल आईसीसी वन-डे विश्वकप-2023 तक रहेगा।**
- **इससे पहले द्रविड़ इंडिया-ए और इंडिया अंडर-19 क्रिकेट टीम के कोच भी रहे हैं।**
- **द्रविड़ की कोचिंग में भारत ने वर्ष 2018 में आईसीसी अंडर-19 विश्वकप जीता है।**
- **द्रविड़ इस साल जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय टीम के भी कोच बने थे।**

शिवानी ने महिला कुश्ती चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

बिएना, मध्यप्रदेश की युवा पहलवान शिवानी पवार ने सर्विया में आयोजित अंडर-23 अंतर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुये रजत पदक अपने नाम किया है। शिवानी ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुये 50 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में शिवानी का सामना अमेरिकी पहलवान एमिली शिल्सन से हुआ, जिसमें शिल्सन ने जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया और शिवानी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शिवानी पवार को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी है।

मॉर्गन बने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तान

दुबई, इंग्लैंड के कप्तान इयॉन मॉर्गन ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नया कीर्तिमान हासिल किया है। मॉर्गन ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल कप्तान बन गये हैं। मॉर्गन ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान को पीछे छोड़ दिया है। धोनी और असगर ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान 42-42 मैच जीते हैं, जबकि मॉर्गन की कप्तानी में इंग्लैंड ने 43 ट्वेंटी-20 मैच जीते हैं, इनमें दो मैच सुपर ओवर में जीते हैं।

भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे का कार्यक्रम घोषित

केपटाउन, भारतीय क्रिकेट टीम इस वर्ष के अंत में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। दौरे पर भारतीय टीम 3 टेस्ट, 3 वन-डे और 4 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह दौरा 17 दिसम्बर से शुरू होगा और 26 जनवरी, 2022 को खत्म होगा।

दौरे की शुरुआत टेस्ट सीरीज से होगी। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 17 से 21 दिसम्बर तक जोहानिसबर्ग में खेला जायेगा। सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच सेंचुरियन तथा तीसरा टेस्ट मैच केपटाउन में खेला जायेगा।

टेस्ट सीरीज के बाद वन-डे सीरीज आयोजित की जायेगी। सीरीज का पहला वन-डे मैच 11 जनवरी को पर्ल में खेला जायेगा। वहीं दूसरा मैच 14 जनवरी तथा तीसरा मैच 16 जनवरी को केपटाउन में खेला जायेगा। दौरे पर दोनों देशों के बीच चार मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज भी खेली जायेगी। ट्वेंटी-20 सीरीज के मैच 19 जनवरी, 21 जनवरी, 23 जनवरी और 26 जनवरी को खेले जायेंगे।

दौरे पर खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज

- **भारत ने दक्षिण अफ्रीका में अब तक सात टेस्ट सीरीज खेली हैं।**
- **इनमें से 6 सीरीज दक्षिण अफ्रीका ने जीती हैं, जबकि एक सीरीज ड्रॉ रही है।**

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। भारत ने अब तक दक्षिण अफ्रीका में एक बार भी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। पिछले कुछ महीनों में भारत ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में बढ़िया प्रदर्शन किया है। ऐसे में भारत को इस बार सीरीज जीतने का दावेदार माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत प्रत्येक देश को छह-छह टेस्ट सीरीज खेलनी होगी। इनमें से तीन सीरीज घरेलू तथा तीन विदेशी मैदान में खेलनी है।

जोकोविच ने छठवीं बार जीता पेरिस मास्टर्स खिताब

पेरिस, सर्विया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने टेनिस में अपना वर्चस्व बरकरार रखते हुये प्रतिष्ठित पेरिस मास्टर्स खिताब अपने नाम किया है। जोकोविच ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में रूसी खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव को 4-6, 6-3, 6-3 से हराया। जोकोविच ने रिकॉर्ड छठवीं बार यह खिताब जीता है।

मेदवेदेव ने शुरुआत में बनाई थी बढ़त

फाइनल में यूएस ओपन के चैंपियन डेनिल मेदवेदेव और जोकोविच के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मेदवेदेव मैच के पहले सेट में जोकोविच पर दबाव बनाने में सफल रहे। मेदवेदेव ने पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया। इसके बाद जोकोविच ने बेहतरीन पलटवार किया। जोकोविच ने दूसरे सेट में मेदवेदेव को कोई मौका नहीं दिया और 6-3 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में भी जोकोविच ने अपने अनुभवी प्रदर्शन से मेदवेदेव की वापसी की संभावना को खत्म कर आसानी से सेट जीत कर खिताब पर कब्जा किया।

इस जीत के साथ जोकोविच ने यूएस ओपन के फाइनल में मेदवेदेव के हाथों

मिली हार का बदला ले लिया है। मेदवेदेव ने यूएस ओपन के फाइनल में जोकोविच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया था। पेरिस मास्टर्स में पुरुष युगल वर्ग का खिताब टिम पुट्ज और माइकल वीनस की जोड़ी ने जीता है।

- **यह जोकोविच के टेनिस करियर का 37वां एटीपी मास्टर्स-1000 खिताब है।**
- **जोकोविच ने वर्ष 2009, 2013, 2014, 2015 और 2019 में भी जीता है पेरिस मास्टर्स खिताब।**
- **डेनिल मेदवेदेव वर्ष 2020 में बने थे पेरिस मास्टर्स के चैंपियन।**

रोहित शर्मा

भारतीय ट्वेंटी-20 टीम के कप्तान बने

मुंबई, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा भारतीय ट्वेंटी-20 क्रिकेट टीम के नये कप्तान नियुक्त किये गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के लिये भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा की है। टीम की कमान रोहित शर्मा को सौंपी गई है, वहीं रोहित के साथ पारी की शुरुआत करने वाले के.एल. राहुल को उपकप्तान बनाया गया है।

बीसीसीआई ने ट्वेंटी-20 टीम से हार्दिक पंड्या, राहुल चाहर और वरुण चक्रवर्ती की छुट्टी कर दी है, जबकि विराट कोहली, रविन्द्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और शार्दुल ठाकुर को आराम दिया है।

नये खिलाड़ियों को मिला मौका

भारतीय टीम के चयन में नये खिलाड़ियों को तरजीह दी गई है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन

करने वाले ऋतुराज गायकवाड़, आवेश खान, हर्षल पटेल और वेंकटेश अय्यर पहली बार भारतीय टीम में चुने गये हैं। इसके अलावा ट्वेंटी-20 विश्वकप टीम में स्टैंडबाय खिलाड़ी रहे श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर को टीम में शामिल किया गया है, वहीं युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज की टीम में वापसी हुई है।

बतौर कप्तान लाजवाब है रोहित का रिकॉर्ड

विराट कोहली ने विश्वकप के बाद भारतीय ट्वेंटी-20 क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। बीसीसीआई ने विराट के उत्तराधिकारी के रूप में रोहित को चुना है। विराट की गैर मौजूदगी में रोहित ने 19 ट्वेंटी-20 मैचों में भारत की कमान संभाली है, इनमें से 15 मैच भारत ने जीते हैं। बतौर कप्तान ट्वेंटी-20 क्रिकेट में रोहित का रिकॉर्ड शानदार रहा है। रोहित की कप्तानी में भारत ने एशिया कप तथा निदाहास ट्रॉफी जीती है। रोहित पांच बार आईपीएल जीतने वाली मुंबई इंडियंस के कप्तान भी रहे हैं।

भारतीय ट्वेंटी-20 टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), के.एल. राहुल, ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, अक्षर पटेल, ईशान किशन, ऋषभ पंत, हर्षल पटेल, आवेश खान, युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर और मोहम्मद सिराज।

आकाश ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीता पदक

बेलग्रेड, भारत के युवा मुक्केबाज आकाश कुमार ने सर्विया में आयोजित विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक अपने नाम किया है। आकाश ने 54 किलोग्राम भारवर्ग (बेंटमवेट) में लाजवाब प्रदर्शन कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में आकाश को कजाखिस्तान के मुक्केबाज मखमूद सबीरखान के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

सेमीफाइनल में जगह बनाते ही आकाश का कांस्य पदक पक्का हो गया था। आकाश विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले सातवें भारतीय मुक्केबाज हैं। आकाश से पहले विजेंदर सिंह, विकास कृष्ण, शिव थापा, गौरव बिधूड़ी, मनीष कौशिक (सभी कांस्य) और अमित पंघाल (रजत) भी विश्व चैंपियन में पदक जीत चुके हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

● पद्म अवॉर्ड - 2020 ●

पं. छन्नूलाल मिश्र, पीवी सिंधु महिन्द्रा, कंगना समेत 119 हस्तियां सम्मानित

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 119 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। इस बार 7 हस्तियों को पद्म

विभूषण, 10 को पद्म भूषण और 102 को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आयोजित समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली और सुषमा स्वराज को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिया गया। अभिनेत्री कंगना रनोत और गायक अदनान सामी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2020 के पद्म सम्मान पाने वालों में 29 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर भी शामिल है। 16 हस्तियों को मरणोपरांत सम्मान प्रदान किया गया।

आदि शंकराचार्य समाधि का उद्घाटन

शंकराचार्य जी का पूरा जीवन जन-साधारण के कल्याण के लिए समर्पित था - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने आदि शंकराचार्य समाधि का उद्घाटन और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने भारत की महान आध्यात्मिक ऋषि परंपरा का आह्वान किया और कहा कि केदारनाथ धाम आने की अनुभूति को वे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री ने रामचरित मानस के एक श्लोक का उदाहरण दिया - "अविगत अकथ अपार, नेति-नेति नित निगम कह' अर्थात् कुछ अनुभव इतने अलौकिक, इतने अनंत होते हैं कि उन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बाबा केदारनाथ की शरण में उन्हें ऐसी ही अनुभूति होती है।



प्रधानमंत्री ने वर्ष 2013 की केदारनाथ जल-प्रलय को याद करते हुये कहा कि वर्षों पहले बाढ़ के पानी से जो नुकसान यहां हुआ था, वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा, "जो लोग यहां आते थे, वे सोचते थे कि क्या हमारा केदार धाम फिर से उठ खड़ा होगा? लेकिन मेरे भीतर की आवाज कह रही थी कि यह पहले से अधिक आन-बान-शान के साथ खड़ा होगा।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान केदार की अनुकम्पा और आदि शंकराचार्य की प्रेरणा तथा भुज भूकम्प के बाद के हालात से निपटने में उनके अपने अनुभव से वे उन मुसीबत भरे समय में मदद करने में सक्षम हुये थे। उन्होंने अपनी निजी भावना प्रकट करते हुये कहा कि उन्हें यहां की सेवा करने का आशीर्वाद है और इसी आशीर्वाद ने पहले भी उनके जीवन को दिशा दी है। उन्होंने कहा, "इस आदि भूमि पर शाश्वत् के साथ आधुनिकता का यह मेल, विकास के ये काम भगवान शंकर की सहज कृपा का ही परिणाम हैं।"

श्री मोदी ने कहा कि संस्कृत में शंकर का अर्थ "शं करोति सः शंकरः" होता है, यानी जो कल्याण करे, वही शंकर है। उन्होंने कहा कि इस व्याकरण को भी आचार्य शंकर ने प्रत्यक्ष प्रमाणित कर दिया। उनका पूरा जीवन जितना असाधारण था, उतना ही वे जन-साधारण के कल्याण के लिये समर्पित थे। प्रधानमंत्री ने स्मरण किया कि एक ऐसा भी समय था, जब अध्यात्म और धर्म को केवल रूढ़ियों और पुरातन कर्म-कांड से जोड़कर देखा जाने लगा था। लेकिन, भारतीय दर्शन तो मानव कल्याण की बात करता है और जीवन को पूर्णता के साथ देखता है। आदि शंकराचार्य ने समाज को इस सत्य से परिचित कराने का काम किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अपनी विरासत के प्रति आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। अब देश अपने लिये बड़े लक्ष्य तय करता है, कठिन समय-सीमायें निर्धारित करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का है। उन्होंने बताया कि चारधाम राजमार्ग को जोड़ने वाली चारधाम सड़क परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। उस परियोजना पर भी काम शुरू हो गया है जिसके माध्यम से श्रद्धालु यहां भविष्य में केवल कार के जरिए केदारनाथ जी के दर्शन कर सकेंगे। हेमकुंड साहिब जी के दर्शन को सुगम बनाने के लिए रोपवे बनाने का काम चल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में उत्तराखंड द्वारा दिखाए गए अनुशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि भौगोलिक कठिनाइयों को पार करते हुए आज उत्तराखंड और उसके लोगों ने शत्-प्रतिशत रूप से टीके की एक खुराक का लक्ष्य हासिल कर लिया है। यही उत्तराखंड की शक्ति और ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा, "उत्तराखंड काफी ऊंचाई पर स्थित है। मेरा उत्तराखंड अपनी ऊंचाई से भी ऊपर जाकर नई ऊंचाइयों को छुएगा।"

= स्पेसएक्स के कैप्सूल से =

चार अंतरिक्ष यात्री 200 दिन बाद पृथ्वी पर लौटे

चार अंतरिक्ष यात्री 200 दिन अंतरिक्ष केन्द्र में बिताने के बाद स्पेसएक्स कैप्सूल से पृथ्वी पर उतरे। उनका कैप्सूल रात के अंधेरे में फ्लोरिडा के पेन्साकोला तट पर मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र से रवाना होने के महज आठ घंटे बाद पृथ्वी पर पहुंचे।

ज्ञात रहे कि इन चारों अंतरिक्ष यात्रियों को पहले ही रवाना करना था, लेकिन खराब मौसम और एक अंतरिक्ष यात्री की अज्ञात चिकित्सा स्थिति के कारण इसमें देरी हुई।

नासा के अंतरिक्ष यात्री शेन किमबरॉ और मेगन मैकऑर्थर, जापान के अकिहितो होशिदे और फ्रांस के थॉमस पेस्कवेट को आठ नवम्बर को वापस लौटना था, लेकिन तेज हवाओं के कारण उनकी वापसी में देरी हुई।

इन चारों अंतरिक्ष यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की राह आसान नहीं रही। उनके कैप्सूल में शौचालय टूट गया था और उन्हें घर वापसी की आठ घंटे की यात्रा के दौरान डायपर पहनना पड़ा। इससे पहले अप्रैल में रवाना होने के तुरंत बाद मिशन कंट्रोल ने अंतरिक्ष में कचरे के एक टुकड़े के उनके कैप्सूल से टकराने को लेकर आगाह किया था लेकिन बाद में यह गलत चेतावनी निकली। अंतरिक्ष केन्द्र में जाने वाला अगला दल वहां छह महीने तक रहेगा।

सोमालिया

अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों ने किया चुनाव कराने का आग्रह

अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों ने सोमाली नेताओं से बिना किसी देरी के संसदीय चुनाव कराने का आग्रह किया है। समाचार

- **अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों ने महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत न्यूनतम कोटे का सम्मान करने की भी अपील की।**

एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अफ्रीकी संघ, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य विदेशी देशों ने सोमाली चुनावी प्रक्रिया में जारी देरी के बारे में चिंता व्यक्त की। भागीदारों ने एक संयुक्त बयान में कहा, हम राष्ट्रीय और संघीय सदस्य राज्य के नेताओं और चुनाव प्रबंधन निकायों से 2021 के अंत से पहले समावेशी और विश्वसनीय हाउस ऑफ पीपुल चुनावों को पूरा करने के लिए महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत न्यूनतम कोटा का सम्मान करने का आग्रह

करते हैं। कुछ संघीय सदस्य राज्यों सहित सरकार और विपक्षी नेताओं के बीच असहमति को लेकर सोमाली नेताओं ने फरवरी से संसदीय और राष्ट्रपति चुनावों में बार-बार देरी की है। सहयोगियों ने कहा, हम उच्च सदन की चुनावी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए गलमुदुग के अधिकारियों से शेष दो सीटों का तुरंत चुनाव करने का भी आग्रह करते हैं। सोमालिया ने 1 नवंबर को मोगादिशु में सोमालिलैंड से दो सदस्यों के चुनाव के साथ संसद के निचले सदन के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित चुनावों की शुरुआत की थी। साझेदारों ने सरकारी मामलों को चलाने को लेकर राष्ट्रपति मोहम्मद फरमाजो और प्रधानमंत्री मोहम्मद रोबले के बीच विवाद में एक समझौते की हालिया घोषणा का स्वागत किया।

॥ अफगानिस्तान में ॥

आतंकी हमलों से चिंतित हुआ अमेरिका

अफगानिस्तान में लगातार हो रहे आतंकी हमलों से अमेरिका चिंतित है साथ ही वहां मौजूद अलकायदा को लेकर गंभीर भी है। अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि टॉम वेस्ट ने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही।

पिछले माह इस पद पर नियुक्त होने के बाद वेस्ट की यह पहली ऑन द रिकार्ड ब्रीफिंग थी, जो उन्होंने रिपोर्टरों को दी। उन्होंने बताया कि तालिबान के साथ दोहा में अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिका तैयारी कर रहा है, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई निश्चित तारीख नहीं दी।

ज्ञात रहे कि 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद पहली बार दोहा में पिछले माह अमेरिका और तालिबान आमने-सामने थे। तालिबान सरकार के प्रतिनिधियों के साथ अमेरिकी अधिकारियों ने पहली फेस-टू-फेस मीटिंग की। अमेरिका का कहना है कि अब तालिबान के एक्शन

को लेकर ही उस पर कोई फैसला लिया जाएगा और उसके शब्दों पर जरा भी भरोसा नहीं किया जाएगा। पहली मीटिंग के दौरान तालिबान ने अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट को काबू में करने के लिए अमेरिका के साथ सहयोग की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने इस बैठक के बारे में बताया कि मीटिंग में सुरक्षा और आतंकवाद के अलावा अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित रास्ता मुहैया कराने पर भी चर्चा हुई।

ताइवान में चीनी विमानों ने की घुसपैठ

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 24 घंटों के भीतर 20 चीनी लड़ाकू विमानों ने ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसपैठ की है। ताइवान न्यूज ने इस घुसपैठ को सप्ताह की सबसे बड़ी घुसपैठ बताया है।

ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 16 युद्धक विमानों ने ताइवान के एडीआईजेड के दक्षिण-पश्चिम में प्रवेश किया, जो डोंग्शा द्वीप समूह के उत्तर-पूर्व में है। मंत्रालय ने बाद में घोषणा की कि चार और जे-16 लड़ाकू विमानों ने ताइवान के एडीआईजेड का उल्लंघन किया है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को चीन के राष्ट्रीय दिवस पर उसके रिकॉर्ड 38 सैन्य विमानों ने ताइवान के एडीआईजेड का उल्लंघन किया, हालांकि अगले दिन चीनी सेना के 39 विमानों ने ताइवान के रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ की थी।

● यरुशलम में ●

नहीं खुलेगा अमेरिकी मिशन

इजरायल के प्रधानमंत्री नफताली बेनेट ने फिलस्तीन में अमेरिका के मुख्य मिशन को यरुशलम में फिर से खोलने के

- **ट्रंप प्रशासन ने यरुशलम में अमेरिकी मिशन को बंद कर दिया था। यह मिशन फिलस्तीन में दूतावास की तरह काम करता था।**

वादे से इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा कि विवादित शहर में ऐसा कार्यालय खोलने का सवाल ही पैदा नहीं होता।

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस मिशन को फिर से खोलने का वादा किया था, वहीं इस घोषणा पर इजरायल ने कहा था कि यह शहर पर उसकी सम्प्रभुता को चुनौती देगा। मिशन के बारे में सवाल करने पर बेनेट ने यरुशलम पर इजरायल का रुख दोहराया था।

अमेरिकी मिशन फिर से खोलने के वादे से मुकरने पर फिलस्तीन ने इजरायल की जमकर आलोचना की। फिलस्तीन की नजर में इस मिशन का फिर से खुलना फिलस्तीन के भविष्य के राष्ट्र के तौर पर इजरायल के दशकों लंबे कब्जे को समाप्त करने का अंतरराष्ट्रीय समुदाय के वादे का हिस्सा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।